▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 128
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, रविवार 22 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

बीफ न्यूज

सोनिया गांधी पर असली किताब लिखेंगे निशिकांत

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की आत्मकथा बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव चर्चा के बीच



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उन पर नई किताब लिखने का ऐलान किया है। उन्होंने दावा किया कि किताब में उनके मारुति की मालिक बनने और नेशनल हेराल्ड से जुड़े सवालों के जवाब होंगे। दुबे ने सोनिया और मेनका गांधी के विवाद की वजहों तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी के साथ हुए घटना का भी खुलासा होंगे।

नेपाली पीएम शाह आज पहली बार भारत आएंगे

काठमांडू/नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह रविवार को पहली बार भारत के दौरे पर आएंगे। दोपहर 3 बजे वे दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलेंगे। पीएम बालेन शाह का कल राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वे राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि भी देंगे। इसके बाद पीएम मोदी और बालेन शाह की द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके बाद दोनों नेता भगवान राम के जन्मस्थान अयोध्या और नेपाल में देवी सीता के जन्मस्थान जनकपुरधाम के बीच चलने वाली नई ट्रेन का उद्घाटन करेंगे।

गुजरात में दो सड़क हादसों में 10 मौतें

अहमदाबाद। गुजरात में शनिवार रात और रविवार सुबह दो सड़क हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा कच्छ में हुआ, जहां ट्रक और कार की टक्कर में 7 लोगों की जान चली गई। हादसा इतना भयानक था कि कार दो हिस्सों में बंट गई। वहीं दूसरा हादसा केशोद-बालागाम रोड पर हुआ। जूनागढ़ से माधवपुर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई और उसमें आग लग गई। कार में सवार तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। कार सवार इन्फ्लुएंसर कृष्णा चूड़ासमा शीशा टूटने के बाद बाहर गिरीं, जिससे जान बच गई। कच्छ में हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ। ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर हुई। कार में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

» अंदर विशेष

▪ बीकानेर में जिला प्रमुख को लेकर कांग्रेस में खींचतान
...पढ़े पेज 4 पर

▪ दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित बीकानेरः प्रदूषण स्तर AQI 288 पर पहुंचा
...पढ़े पेज 4 पर

अमेरिका ने 5 देशों पर बैन लगा दिया है, ताकि चीन के लिए चिप की सप्लाई कम हो सके

यूएस और चीन के बीच अब छिड़ा.... चिप वॉर, 5 देशों पर बैन, संकट में एआई इंडस्ट्री

इन रिपोर्टों के बाद एनवीडिया के शेयर 11.5% गिर गए। एक्सपोर्ट पर रोक से पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट में रुकावट आ सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूएस-चीन चिप वॉर और तेज हो गया है, क्योंकि अमेरिका ने पांच देशों मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर और ब्राजील को



एडवांस्ड एआई चिप एक्सपोर्ट पर रोक लगा दी है, ताकि विदेशी डेटा सेंटर के जरिए चीन की पहुंच को रोका जा सके। यह कदम एनवीडिया पर नए रेगुलेटरी दबाव के बीच आया है, जिसमें अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की ओर से संभावित अकाउंटिंग मुद्दों की जांच की रिपोर्ट है। इन रिपोर्टों के बाद एनवीडिया के शेयर 11.5% गिर गए। एक्सपोर्ट पर रोक से पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट में रुकावट आ सकती है और चीन की सेमीकंडक्टर पर आत्मनिर्भरता की कोशिशों में तेजी आ सकती है।

इस फैसले से चीन की सेमी कंडक्टर पर आत्मनिर्भरता की कोशिशों में तेजी आ सकती है



फाइल फोटो

क्या चीन अपना सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना सकता है?

चीन सेमीकंडक्टर डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट और मटीरियल में घरेलू क्षमताएं डेवलप करके अमेरिकी टेक्नोलॉजी पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिशें तेज कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च के एक सेमीकंडक्टर सप्लाई-चेन मैप में इन सेगमेंट में काम करने वाली चीनी कंपनियों के बारे में बताया है। चिप डिजाइन में, हाईसिलिकॉन, कैंब्रिकॉन और लूंगसन जैसी कंपनियां घरेलू क्षमताओं को दिखाती हैं, जबकि एसएनआईसी और हुआ होंग सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में काम करती हैं।

मटीरियल मार्केट 16 बिलियन का होगा

इक्विपमेंट सप्लायर्स में नौरा और एएमईसी शामिल हैं, जबकि एनएसआईजी और झोंगहुआन सेमीकंडक्टर मटीरियल्स में हैं। एक अनुमान लगाया गया है कि 2026 में चीन का सेमीकंडक्टर इक्विपमेंट मार्केट 49 बिलियन और मटीरियल मार्केट 16 बिलियन का होगा, जो घरेलू सप्लाई-चेन के मौके के पैमाने को दिखाता है।

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए

आईआईटी खड़गपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में बोले पीएम मोदी

भारत ने डंके की चोट पर कहा- ब्रेक द लिमिट, अनलॉक द पॉसिबिलिटीज

मरी पड़ी सोच को लेकर के जीने वाले लोग, जिंदगी भी नहीं जी सकते

पीएम ने कहा कि ये भूमि जहां सेल्फ रूल की आकांक्षा थी, आज सेल्फ रिलायंस का संकल्प यहां दिखाई दे रहा है। तब फ्रीडम का सपना था, आज फ्यूचर बनाने का अवसर है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी खड़गपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने 75 विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि मेरे सामने भारत के अतीत, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य, सबकुछ जुड़ा है। एक बहुत ही, बहुत ही टेलेंटेड एस्पेरेशनल पीढ़ी यहां मौजूद है। पीएम ने कहा कि अक्सर कुछ लोग खुद ही अपनी सोच पर सीमाएं लगा लेते हैं, उसकी लीमिट तय कर देते हैं। मरी पड़ी सोच को लेकर के जीने वाले लोग, जिंदगी भी नहीं जी सकते।

राष्ट्र भी अपनी क्षमताओं को तभी पहचानते हैं, जब वे अपनी सोच की सीमाओं को तोड़ते हैं। और पिछले कुछ वर्षों में भारत ने यही करके दिखाया है। भारत ने डंके की चोट पर कहा- 'ब्रेक द लिमिट, अनलॉक द पॉसिबिलिटीज'। 20 साल पहले तक हमारे देश में गरीबी को एक परमानेंट प्रॉब्लम समझा जाता था। पांच दशक पहले लाल किले से गरीबी हटाने के नारे लगते थे। लेकिन, इसके बाद जब भी पॉलिसी लेवल पर कुछ होना होता था, तो पूरा का पूरा सिस्टम बस फाइल बनाकर बैठ जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि सबकी सोच यही थी कि भाई गरीबी दूर नहीं हो सकती और इतनी पॉपुलेशन है। मैंने लाल किले से कहा कि मैं गरीबों के लिए शौचालय बनाऊंगा। तो पार्लियामेंट में लोग मजे लेकर बोलते थे, बताओ, ये कैसा प्रधानमंत्री है, ये लाल किले से टॉयलेट बनाने की बात कर रहा है। ऐसी ही सोच के कारण पूरा देश ऐसी अनेक सारी फैसिलिटीज से वंचित रहा। 12 साल में हमने यही सोच बदली। हमने गरीबों को सशक्त किया- 'पावर टू इम्पावर', इस मूल मंत्र को लेकर के मैं जी रहा हूं। अभी आपने वर्ल्ड बैंक की ताजा रिपोर्ट पर खबरे जरूर पढ़ी होंगी या सुनी होगी। वर्ल्ड बैंक ने कहा है, सिर्फ 12-13 साल में भारत में 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।


छात्रों से संवाद करते हुए पीएम मोदी

20 साल पहले तक हमारे देश में गरीबी को एक परमानेंट प्रॉब्लम समझा जाता था

12 साल में हमने यही सोच बदली। हमने गरीबों को सशक्त किया- 'पावर टू इम्पावर'

मेरा मंत्र याद रखिएगा दोस्तों - राष्ट्र प्रथम

पीएम ने कहा कि आने वाले दो दशक आपके जीवन के मोस्ट प्रोडक्टिव ईयर्स में से एक होंगे। 2047 तक, आप में से बहुत सारे लोग लीडरशिप पोजीशन्स में होंगे। ये वर्ष भारत के विकास के भी सबसे निर्णायक वर्ष होंगे। और इसलिए, आपकी हर सफलता देश के लिए अहम होगी। ऐसे में आपको हमेशा खुद से ये सवाल पूछना है कि देश के सामने ऐसी कौन-सी चुनौती है, जिसे हल करने में आप मेरा योगदान चाहेंगे।

4 साल के अंदर देश में ढेर सारी सेमीकंडक्टर फैसिलिटीज शुरू हुईं

पीएम ने कहा कि जब मैंने सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया, तो बहुत सारे सवाल हुए। अरे इस मिशन की अब क्या जरूरत है? ये देश भी बना रहो है, वो देश भी बना रहा है, और 50 साल से सेमीकंडक्टर बन रहा है। अब हम सेमीकंडक्टर बनाकर क्या ही हासिल कर लेंगे? यही सब बोला जाता था। सोचने की सीमा।

भारत में 50 साल पहले एक कंपनी आई थी, वो हमारे यहां सेमीकंडक्टर बनाने आई थी, लेकिन उसे लाल झंडा दिखाकर वापस भेज दिया गया। मैं जानता हूं, कोई ताली नहीं बजाएगा, ये लाल झंडे का काम रहा था। और इसलिए जब मैंने सेमीकंडक्टर मिशन की बात की, तो फिर कहा गया कि अब तो देर हो गई। आज आप देखिए, 4 साल के अंदर देश में ढेर सारी सेमीकंडक्टर फैसिलिटीज शुरू हुई हैं। भारत आज चिप्स का एक्सपोर्ट करने लगा है। हमारे देश में एक लिमिटेड प्लेटफॉर्म इसरो का था। मैंने मंत्रालय को कहा कि इस सेक्टर में हमारे यंग इनोवेटर्स को मौका मिलना ही चाहिए।

कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर हादसा, ड्राइवर को झपकी आई

कोटाः खड़े ट्रक में घुसी क्रूजर, महाराष्ट्र के एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत

खाटूश्यामजी के दर्शन कर महाराष्ट्र जा रहे थे

ज़ूम न्यूज ▶▶ कोटा



कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार क्रूजर के घुसने से महाराष्ट्र के एक ही परिवार के 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है और 8 लोग घायल हैं। शुरुआती जांच में क्रूजर चालक को झपकी आना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है, वहीं घायल ट्रक ड्राइवर ने होश आने पर पुलिस को सूचना दी।

सिटी एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि हादसा नाता थाना क्षेत्र में शंभूपुरा गांव के पास रात करीब 1 बजे हुआ। क्रूजर में महाराष्ट्र के रहने वाले एक ही परिवार के 16 लोग सवार थे, जो खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, संभवतः क्रूजर ड्राइवर को झपकी आने से यह भीषण टक्कर हुई। हादसे में उषा बाई, सुशीला (55), कैलाश (45), सांवी, सज्जन, अनीता, बाबूलाल (60), जाह्नवी (13) और माधवी की मृत्यु हो गई।

तीन गाड़ियों में सवार थे 36 रिश्तेदार

पीड़ित परिवार के सदस्य प्रदीप ने बताया कि वे सभी आपस में रिश्तेदार हैं और तीन अलग-अलग गाड़ियों में कुल 36 लोग सवार होकर खाटूश्यामजी के दर्शन करके महाराष्ट्र लौट रहे थे। तीनों गाड़ियां एक-दूसरे के आगे-पीछे चल रही थीं, तभी सबसे आगे चल रही क्रूजर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी में शव व घायल बुरी तरह फंस गए, जिन्हें एसपी तेजस्वनी गौतम की मौजूदगी में बड़ी मुश्किल से बाहर निकालकर एंबुलेंस से न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में खंडवा (मध्यप्रदेश) निवासी ट्रक ड्राइवर हारून भी घायल हुआ है। हारून ने बताया कि ट्रक में कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण उसने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया था और वह ट्रक से थोड़ी दूरी पर खड़ा होकर उसे चेक कर रहा था। तभी तेज रफ्तार क्रूजर ने पहले उसे टक्कर मारी और फिर सीधे ट्रक में जा घुसी। टक्कर से हारून करीब 20 फीट दूर जाकर गिरा और बेहोश हो गया; करीब 10 मिनट बाद होश आने पर उसने ही पुलिस और एंबुलेंस को फोन करके मौके पर बुलाया।

राजस्थान के 6 शहरों में पारा 10°C से नीचेः MP-छत्तीसगढ़-बिहार में बारिश

ज़ूम न्यूज ▶▶ जयपुर



दिल्ली, राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में ठंड बढ़ गई है। राजस्थान के 6 शहरों में शनिवार रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। फतेहपुर में सबसे कम 6.1 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। सीकर में 7.7, उदयपुर में 8.7 और चूरू में 9.5 डिग्री पारा रहा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में चक्रवात 'अकवान' के चलते बारिश होने और पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से मौसम बदल गया है। MP के जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में बारिश हो रही है। उज्जैन में ठंड के चलते आठवीं तक के स्कूलों का समय बदलकर सुबह 9 बजे के बाद कर दिया गया है।

बिहार में रविवार सुबह नालंदा और भागलपुर में बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में पटना समेत 9 जिलों में बारिश दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। वहीं, झारखंड में खराब मौसम के कारण शनिवार को रांची एयरपोर्ट पर 20 फ्लाइट रद्द और 4 डायवर्ट करनी पड़ीं।

वृंदावन में पहुंचे पं. धीरेंद्र शास्त्री

नाक रगड़कर किया दंडवत प्रणाम श्री कृष्ण के बयान पर माफी मांगी

फिर कहा-बड़े प्रेम से वह अपने टेढ़े-मेढ़े ठाकुर जी के धाम में आए हैं



एजेंसी ▶▶ मथुरा

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को धर्मनगरी वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने साधु-संतों और बृजवासियों के श्रीचरणों में नाक रगड़कर दंडवत प्रणाम किया। अपने पूर्व में दिए गए बयानों को लेकर माफी मांगते हुए उन्होंने विरोधियों को भी वृंदावन और मथुरा आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि बड़े प्रेम से वह अपने टेढ़े-मेढ़े ठाकुर जी के धाम में आए हैं। अपने पूर्व के बयानों को लेकर हुए विवाद पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कथा के दौरान भाषा में त्रुटि हो सकती है, लेकिन उनके भाव में कोई त्रुटि नहीं हो सकती। उन्होंने विरोध करने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोगों को उन्हें ट्रोल करने का बहाना चाहिए। उन्होंने विरोधियों को मथुरा आने का न्योता देते हुए कहा कि एक बार मथुरा भी आ जाओ और औरंगजेब के समय से लगा कलंक मिटाने में सहयोग करो। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प भी दोहराया।

अमेरिका; 20 माह में 6 हजार भारतीय गिरफ्तार, 5 हजार से ज्यादा को डिपोर्टेशन सेंटर में रखा गया

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन कार्रवाई का असर भारतीयों पर पड़ रहा है। अमेरिकन कम्युनिटी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2025 से अगस्त 2026 के बीच आइस (यू.एस. इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) ने 6111 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। अमेरिका में भारतीयों की गिरफ्तारी का ये रिकॉर्ड है। जबकि 5235 को डिपोर्टेशन सेंटर में रखा गया और 2349 को डिपोर्ट किया गया।

संस्था स्टॉप एएपीआई हेट का कहना है कि आइस एजेंसी ने नवंबर के मिडटर्म चुनाव से पहले छापों की कार्रवाई तेज की थी। लेकिन अभी धरपकड़ के नए आंकड़े सामने नहीं आए हैं। संस्था ने दावा किया कि एशिया-प्रशांत समूह में भारतीयों की गिरफ्तारी, हिरासत और डिपोर्ट सबसे ज्यादा हुए। आइस ने हिस्पैनिक और अश्वेत मूल के लोगों पर दक्षिणी राज्यों में कार्रवाई की। इमिग्रेशन एजेंसी (आईस) के एक अधिकारी के अनुसार अवैध प्रवासियों के खिलाफ इनकी धरपकड़ और डिपोर्टेशन दोनों की संख्या बढ़ी है। इस साल के अंत तक डिपोर्ट किए जाने वाले अवैध प्रवासियों की रिकॉर्ड संख्या होने वाली है। पिछले साल यानी 2025 में डिपोर्ट किए गए तीन हजार से ज्यादा भारतीयों में सभी ऐसे थे, जो अवैध रूप से अमेरिका में आए थे।

आईस ने जून में ही 801 भारतीयों को रिमूवल ऑर्डर (वापसी आदेश) जारी किया। हालांकि, इस रिमूवल ऑर्डर से तुरंत डिपोर्टेशन नहीं होता है। इसके खिलाफ कोर्ट में अपील की जा सकती है या फिर संबंधित व्यक्ति अपनी इच्छा से अमेरिका को छोड़ सकता है। 2025 में डिपोर्ट किए गए भारतीयों की संख्या 16 साल में सबसे ज्यादा थी। ह्यूमन राइट्स फर्स्ट संगठन के अनुसार भारतीयों को ओमानी एयरवेज से डिपोर्ट कर रहे हैं। टेक्सास के हार्लिंग से 20 घंटे की फ्लाइट से नई दिल्ली भेजा जा रहा है।

ग्रीन कार्ड मिला, फिर भी हफ्ते भर तक हिरासत में रखा

कैलिफोर्निया की 60 साल की भारतीय मूल की रेस्टोरेंट संचालक बबली (बदला हुआ नाम) को हिरासत में लिया गया। उन्हें ग्रीन कार्ड आवेदन से जुड़ी बायोमेट्रिक्स प्रक्रिया के लिए इमिग्रेशन ऑफिस में बुलाया। बबली 1994 से अमेरिका में रह रही हैं। उनका ग्रीन कार्ड भी मंजूर हो चुका है। परिवार वालों का आरोप है कि भारतीय होने के कारण उन्हें परेशान किया गया, हफ्ते भर बाद हिरासत से छोड़ा। कैलिफोर्निया में आइस ने 850 से ज्यादा भारतीयों की गिरफ्तारी की है। एएपीआईके अनुसार डेमोक्रेटिक राज्य कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो, बेकर्सफील्ड, स्टॉकटन और सैन बर्नार्डिनो में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई।

नीट पेपर लीक केसः 25 से रोजाना सुनवाई

14 आरोपियों पर आरोप तय इनमें 3 एनटीए एक्सपर्ट भी

सभी ने दिल्ली कोर्ट में खुद को निर्दोष बताया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शनिवार को नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सभी 14 आरोपियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिए। इनमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से जुड़े तीन सब्जेक्ट एक्सपर्ट भी शामिल हैं। सभी आरोपियों को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता के सामने पेश किया गया। उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और मुकदमे का सामना करने की बात कही। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और भ्रष्टाचार समेत कई आरोप तय किए हैं।

25 नवंबर से मामले की रोजाना सुनवाई होगी। नीट-यूजी 2026 की परीक्षा 3 मई को हुई थी, जिसमें करीब 22 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद एनटीए ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। दिल्ली की अदालत ने 18 नवंबर को 206 पन्नों के आदेश में सभी 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था पर्याप्त सबूत है।

पंचायत चुनाव में हार के बाद भाजपा में मंथन: सीएम भजनलाल पहुंचे पार्टी मुख्यालय





जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

प्रदेश में पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा में हार के कारणों और आगामी रणनीति को लेकर मंथन शुरू हो गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि चुनाव में हार-जीत अपनी जगह है, लेकिन कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर समीक्षा करना और उन्हें संदेश देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने चुनाव में पूरी मेहनत की और कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्टी जनता के जनादेश को स्वीकार करती है। पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार के बीच बैठक हुई। इसमें पंचायत चुनाव के परिणामों और पार्टी के प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद मुख्यालय में भी संगठनात्मक स्तर पर मंथन हुआ।

मीडिया से बातचीत में राठौड़ ने कहा कि चुनाव परिणाम जनता का जनादेश हैं और भाजपा इसे स्वीकार करती है। लोकतंत्र में जनादेश को स्वीकार करना ही स्पोर्ट्समैन स्पिरिट है। उन्होंने कहा कि पुराने और नए सभी कार्यकर्ताओं को यह संदेश देना जरूरी है कि उनके परिश्रम का महत्व है। चुनाव परिणाम चाहे जो रहे हों, कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखना संगठन की प्राथमिकता है। राठौड़ ने कहा कि पूरे राजस्थान में वन स्टेट, वन इलेक्शन के तहत चुनाव कई चरणों में हुए हैं। ऐसे में सभी क्षेत्रों के परिणामों और परिस्थितियों का आकलन भी चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। एक बैठक में पूरे प्रदेश के चुनाव परिणामों की विस्तृत समीक्षा संभव नहीं है। इसके लिए दो-तीन चरणों में बैठकें होंगी। समीक्षा के दौरान क्षेत्रवार प्रदर्शन, स्थानीय परिस्थितियों और संगठन की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। साथ ही यह भी विचार होगा कि आगे किस तरीके से काम करना है और चुनावी रणनीति में किन बदलावों की जरूरत है। पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा नेतृत्व का जोर एक ओर परिणामों के आकलन पर है, वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं के मनोबल और संगठनात्मक समन्वय को बनाए रखने पर भी है। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री की बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में हुई चर्चा को इसी कवायद का हिस्सा माना जा रहा है। अब आगामी बैठकों में चुनाव परिणामों की विस्तृत समीक्षा के बाद संगठन की आगे की रणनीति तय होगी।

ब्रीफ न्यूज

दूदू आईटीआई में मेधावी प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया



जूम न्यूज ▶▶| दूदू

दूदू के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शनिवार को वर्ष 2025-26 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें विभिन्न व्यवसायों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) जयश्री और विशिष्ट अतिथि समूह अनुदेशक मीना बत्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह दिए। अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने कौशल के जरिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी कर्मचारी, नियमित प्रशिक्षणार्थी और अन्य लोग शामिल हुए।

जेल में 72 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण, हर दो माह में लगेगा शिविर



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'स्पंदन' अभियान के तहत जिला कारागृह में शनिवार को चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। सचिव पवन जीनवाल की उपस्थिति में एसएमएस मेडिकल कॉलेज की डॉ. आशा लता सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 72 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया व उपचार किया। टीम में डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. गोपेश भारद्वाज, डॉ. महेन्द्र कुमार सांवरिया, डॉ. सुनीता बागड़ी मीणा एवं डॉ. सुल्तान सिंह कलानिया शामिल रहे। 'स्पंदन' अभियान के तहत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सप्ताह में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

गहलोत बोले- हाईकमान फैसला करे तो मुख्यमंत्री बन जाऊंगा: मैं हिप्पोक्रेट नहीं हूं, चौथी बार गहलोत सरकार का नारा कुछ लोगों को अच्छा नहीं लगता

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- मैं दिल से कहता हूं कि मैं संतुष्ट हूं। इसके बाद में भी ऐसा लगे कि पार्टी हित में मुझे ही मुख्यमंत्री बनना जरूरी है तो पार्टी हाईकमान मेरे पक्ष में फैसला कर दे, मैं हिप्पोक्रेट भी नहीं हूं, बन जाएंगे मुख्यमंत्री। ऐसा नहीं है कि मुख्यमंत्री बार-बार मुझे ही बनना है। हाई कमान तय करेगा कि पार्टी हित में क्या है, पब्लिक क्या चाहती है उस वक्त देखेंगे। गहलोत ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। गहलोत ने कहा- जो लोग चौथी बार गहलोत सरकार के नारे लगाते हैं, उनको मैं समझाता हूं और दिल से समझाता हूं कि यह मत बोलो। कुछ लोगों को अच्छा नहीं लगता है और अच्छा नहीं लगना वाजिब भी है।

गहलोत ने कहा कि जब लोग चौथी बार गहलोत सरकार के नारे लगाते हैं तो मुझे कहना पड़ता है कि भैया यह नारा बंद करो और मैं दिल से कहता हूं। हालांकि, राजनीति में इन बातों का कोई विश्वास नहीं करता कि दिल से कहते हैं कि ऊपर से कहते हैं, वह अलग बात है। गहलोत ने कहा- फिर मैं कहता हूं हाई कमान के ऊपर है वह क्या फैसला करे, कई बार स्थिति बदल जाती है। मैं चाहता हूं राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बने, फैसला हाईकमान को करना है। मैं पद पर रहूं या नहीं रहूं, मेरी स्पिरिट में कोई कमी नहीं रहेगी।



मैंने कभी लॉबिंग नहीं करवाई, पद नहीं मांगा

नई जिम्मेदारी मिलने के सवाल पर गहलोत ने कहा- मैंने अब तक कभी कोई पद नहीं मांगा। मैंने कभी लॉबिंग नहीं करवाई। मुझे हटाने की मांग लेकर मेरे खिलाफ कोई दिल्ली चला भी गया तो उसे काउंटर भी नहीं करवाया। मैं मेरा काम करता रहा। गहलोत ने कहा- उस वक्त मैंने कहा था कि मेरा इस्तीफा तो सोनिया गांधी के पास परमानेंट पड़ा हुआ है। जब मैं मुख्यमंत्री था तो बराबर बात कर रखी थी। मैंने अपने तरीके से राजनीति की है, मैं संतुष्ट हूं, अब आगे क्या होगा, मैं तो संतुष्ट हूं। गहलोत ने कहा- राजनीति में पहले ही ऐसे नारे लगने लग जाएं, पिछली कांग्रेस सरकार की परफॉर्मेंस से राजस्थान में ऐसा माहौल बन गया। हमारे वक्त स्वास्थ्य, सोशल सिक्योरिटी की एक से बढ़कर एक योजना थी।

जयपुर में पानी के मीटर चुराने वाली गैंग को पकड़ा, 200 मीटर चुरा चुके

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर



जयपुर में घरों के बाहर लगे पानी के मीटर चोरी करने वाली गैंग का बजाज नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी और मीटर खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 7 पानी के मीटर और वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा स्कूटर बरामद किया गया है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि शहर में लगातार हो रही पानी के मीटर चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो आरोपी लेखराज प्रजापत (22) और इरशाद मियां (38) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक्टिवा स्कूटर पर टोली बनाकर दिन और रात में अलग-अलग इलाकों में घूमते थे। इस दौरान घरों के बाहर लगे पानी के मीटरों की रैकी करते थे। जिन घरों के बाहर लोगों की आवाजाही कम होती थी या परिवार के सदस्य मौजूद नहीं होते थे, वहां से पानी के मीटर चोरी कर लेते थे। इसके बाद चोरी के मीटर कबाड़ी को बेचकर पैसे हासिल करते और उन्हें अपने शौक-मौज पर खर्च करते थे। 17 नवंबर को मानसिंहपुरा के रहने वाले राकेश, महेश और टीकमचंद ने पानी के मीटर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के करीब 300 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी अपने ठिकानों से गायब होकर फुटपाथ पर रहते है। पुलिस ने जयपुर के 200 से अधिक फुटपाथों पर रातभर तलाशी अभियान चलाया। लगातार प्रयासों के बाद चोरी करने वाले आरोपी को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी के मीटर खरीदने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने ज्योति नगर, महेश नगर, प्रताप नगर, रामनगरिया, शिप्रापथ, मानसरोवर, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल सहित जयपुर के अन्य इलाकों में 200 से अधिक पानी के मीटर चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं।

हाईकोर्ट- पैरोल आवेदनों पर होंगे नए नियम लागू, चाहे दोष सिद्धि कभी की हो

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

कैदियों को पैरोल पर रिहा करने के आवेदनों को लेकर लागू होने वाले पैरोल नियमों की कानूनी स्थिति हाईकोर्ट की फुल बेंच ने स्पष्ट की है। फुल बेंच ने कहा है कि हर स्थायी या अस्थायी पैरोल आवेदन पर साल 2021 के पैरोल नियम लागू होंगे, फिर चाहे दोषसिद्धि की तारीख कोई भी हो। कोर्ट ने कहा कि दोषसिद्धि साल 1958 के पैरोल नियम के दौरान होने मात्र से अब निरस्त हो चुके इन नियमों के तहत विचार करने का कोई निहित अधिकार नहीं मिलता है। फुल बेंच ने यह आदेश इस कानूनी बिंदु को तय करने वाले रेफरेंस पर दिया। फुल बेंच ने कहा कि किसी अभियुक्त को दिया गया पैरोल उसकी सजा का निलंबन या लघुकरण नहीं है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष पैरोल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान यह सामने आया था कि किसी कैदी की ओर से पैरोल के लिए पेश आवेदन पर विचार करते समय क्या यह देखा जाएगा कि तब उसे सजा सुनाई गई थी, उस समय लागू होने वाले साल 1958 के नियम लागू होंगे या अब उनके स्थान पर लागू होने वाले साल 2021 के पैरोल नियम।

दूदू में हत्या-दहेज प्रताड़ना के मामले में 5 आरोपी बरी

कोर्ट ने पुलिस जांच पर जताई नाराजगी, मुआवजे के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र लिखा

जूम न्यूज ▶▶| दूदू

दूदू की अतिरिक्त जिला एवं सेशन अदालत ने हत्या और दहेज प्रताड़ना मामले में पांचों आरोपियों को बरी कर दिया। बुधवार को न्यायाधीश जगत सिंह पंवार ने ठोस सबूतों की कमी और गवाहों के बयानों में विरोधाभास के आधार पर फैसला सुनाया।

अदालत ने पुलिस जांच पर नाराजगी जताई और आरोपियों को मुआवजा दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर को पत्र लिखा। कोर्ट ने समय पर एफएसएल रिपोर्ट पेश नहीं करने पर जांच एजेंसी को फटकार भी लगाई। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना), 406 (अमानत में खयानत), 304बी (दहेज हत्या), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 315, 316 (शिशु की हत्या) और 302/149 (हत्या व समान आशय) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील नानूराम धाभाई ने आरोप साबित करने के लिए 39 गवाहों के बयान और परिस्थितिजन्य सबूत पेश किए। बचाव पक्ष के वकील प्रमोद कुमार जैन ने कहा- पुलिस ने सामाजिक और राजनीतिक दबाव में बिना ठोस सबूत के आरोपियों को फंसाया। उन्होंने गवाहों के बयानों में तालमेल नहीं होने की दलील दी।

न्यायाधीश जगत सिंह पंवार ने कहा- अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं कर पाया। अदालत ने ये भी कहा कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रहकर मुकदमे का सामना करना पड़ा। इसी आधार पर कोर्ट ने मुआवजे पर विचार करने की सिफारिश की। अदालत ने नरसी उर्फ नरसिंह, जगदीश उर्फ गोरू और मुकेश कुमार (तीनों भंवरलाल के बेटे), मीनू देवी (स्वर्गीय जितेन्द्र मीणा की पत्नी) और संतोष देवी (भंवरलाल की पत्नी) को सभी आरोपों से बरी किया।

जयपुर शहर में 4 जगह शुरू हुए पिंक बूथ: महिलाओं को मिलेगी तत्काल पुलिस सहायता, डीजीपी ने किया उद्घाटन



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए शहर के चार प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा एवं सहायता बूथ (पिंक बूथ) शुरू किए गए हैं। शनिवार को डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने जवाहर सर्किल पर पिंक बूथ का उद्घाटन किया। वहीं तीन पिंक बूथ का उन्होंने वर्चुअल उद्घाटन किया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि पहले चरण में शहर के चार प्रमुख स्थानों पर पिंक बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर महिला पुलिसकर्मी सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक दो शिफ्टों में तैनात रहेंगी। किसी भी महिला या बालिका को परेशानी होने पर तत्काल पुलिस सहायता, शिकायत के संबंध में मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

पिंक बूथ पर छेड़छाड़, पीछा करने, अभद्र व्यवहार और घरेलू हिंसा सहित महिलाओं से जुड़ी समस्याओं में पुलिस सहायता और आवश्यक कार्रवाई की सुविधा मिलेगी। यहां सुरक्षित प्रतीक्षा स्थल, प्राथमिक उपचार और सैनिटरी पैड की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा पुलिस और पीसीआर से तत्काल संपर्क किया जा सकेगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक बूथों पर CCTV कैमरे, राजकॉप सिटीजन ऐप और QR कोड आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090 और आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की सेवाओं की जानकारी एवं सहायता भी उपलब्ध रहेगी।

डीजीपी ने पुलिसकर्मियों से किया संवाद

उद्घाटन के बाद डीजीपी राजीव कुमार शर्मा और पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों से संवाद किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, एडिशनल पुलिस कमिश्न प्रदीप मोहन शर्मा, डॉ. रामेश्वर सिंह, डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा सहित पुलिस अधिकारी, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और सुरक्षा सखियां मौजूद रहीं।

ग्राहक बन पहुंची युवती ने चांदी की चूड़ियां चुराईं: वीडियो वायरल होने के बाद लौटाईं

कान पकड़कर और उठक-बैठक लगाकर माफी मांगी

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर




जयपुर के रेनवाल कस्बे में ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां ग्राहक बनकर पहुंची एक युवती ने दुकानदार को आभूषण दिखाने के बहाने बातचीत में उलझाया और मौका पाकर चांदी की चूड़ियों की एक जोड़ी अपने बैग में रख ली। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई।

घटना का पता चलने पर दुकान मालिक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद दुकान मालिक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर युवती से चोरी किए गए जेवरात लौटाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि जेवरात वापस नहीं लौटाने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करवाई जाएगी।

जब सोशल मीडिया पर चोरी का वीडियो वायरल हुआ तो युवती खुद दुकान पर पहुंच गई। युवती ने चांदी की चूड़ियों की जोड़ी दुकानदार को लौटा दी। इसके बाद उसने हाथ जोड़कर और कान पकड़कर अपनी गलती के लिए माफी मांगी। वायरल वीडियो में युवती उठक-बैठक लगाकर भी माफी मांगती नजर आ रही है। घटनाक्रम के बाद दुकान मालिक का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें वह युवती को माफ करने और उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं करवाने की बात कहता नजर आ रहा है।

जोधपुर: आर्ट और तकनीक से सजी महिला-बाग की विरासत: विशाल डिजिटल कलाकृति ने खींचा ध्यान, फ्रांस के राजदूत ने किया 'लेट्स ड्रॉ' का शुभारंभ







ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर के ऐतिहासिक महिला बाग का झालरा कला और तकनीक के अनूठे संगम का गवाह बना। यहां आर्ट और टेक्नोलॉजी के जरिए विशाल डिजिटल कलाकृति साकार की गई। यहां डिजिटल नवम्बर का आयोजन किया गया। इसमें फ्रांसीसी कलाकार मैक्सिम टूरूट की सहभागी डिजिटल कला परियोजना 'लेट्स ड्रॉ' के तहत झालरा की दीवारों पर विशाल डिजिटल कलाकृति का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू ने किया। इस अवसर पर विधायक अतुल भंसाली, पब्लिक आर्ट्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संस्थापक अध्यक्ष सना रिज़वान तथा अलायंस फ्रांसेज़ जयपुर की अध्यक्ष डॉ. टूलिका गुप्ता, अलायंस फ्रांसेज़ जयपुर की निदेशक संजना सरकार सहित कला एवं संस्कृति जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

डिजिटल नवम्बर व 'लेट्स ड्रॉ' फ्रांस और भारत के बीच नवाचार,कला और सांस्कृतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की पहल है, जिसे जोधपुर की ऐतिहासिक विरासत के बीच एक सार्वजनिक और सहभागी कला अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन के तहत सुमेर स्कूल में कला, मनोविज्ञान एवं डिजाइन के विद्यार्थियों के लिए विशेष वर्कशॉप भी आयोजित की गई, जिसमें डिजिटल माध्यमों से कलात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को समझने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने अपने मोबाइल फोन के जरिए चित्र बनाकर डिजिटल कलाकृति का हिस्सा बने, जो ऐतिहासिक स्थल की दीवारों पर जीवंत रूप में उभरे। कार्यक्रम के दौरान भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू ने कहा कि डिजिटल नवम्बर नवाचार और तकनीक को जनहित, रचनात्मकता और सांस्कृतिक संवाद से जोड़ने की साझा आकांक्षा को दर्शाता है। उन्होंने इस वर्ष के आयोजन में फ्रांसीसी और भारतीय संस्थानों एवं समुदायों के एक साथ आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 'लेट्स ड्रॉ' जैसी परियोजनाएं लोगों, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच सार्थक संबंध स्थापित करती हैं। उन्होंने इसे भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की भावना का प्रतीक बताया, जहां दोनों देशों की रचनात्मकता और विशेषज्ञता भविष्य के लिए नए संबंधों का निर्माण करती है। वहीं,आने वाले कार्यक्रमों की शृंखला के बारे में पाटी की संस्थापक अध्यक्ष सना रिज़वान ने बताया कि हमारा मानना है कि कला सभी के लिए है और सबसे सार्थक संवाद होते हैं। यह आयोजन आगामी साइट जोधपुर की एक झलक है, जिसे रणजीत होस्कोटे क्यूरेट करेंगे। 29 जनवरी से 21 फरवरी 2027 तक आयोजित होने वाला यह कला आयोजन शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों को सक्रिय करते हुए जोधपुर की स्थानीय शिल्प एवं स्थापत्य विरासत का उत्सव मनाएगा। लेट्स ड्रॉ' इसी सोच को साकार करता है, जहां एक शाम के लिए कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से महिला बाग का झालरा पर जोधपुर की कहानी को चित्रों के जरिए उकेरने में योगदान दे सकता है। इस दौरान अलायंस फ्रांसेज़ जयपुर की अध्यक्ष डॉ. टूलिका गुप्ता ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न शहरों के विरासत स्थलों को ऐसे मंच के रूप में विकसित करना, जहां समकालीन कला और डिजाइन पारंपरिक परिवेश के साथ सहजता से जुड़ सकें, अलायंस फ्रांसेज़ जयपुर के कार्यों का मूल उद्देश्य है। इस आयोजन को जोधपुर तक लाने में सहयोग के लिए हम भारत में फ्रांस के दूतावास और फ्रेंच इंस्टीट्यूट और पाटी के आभारी हैं। साथ ही नगर निगम की ब्लू सिटी को नई पहचान देने की सोच के बिना यह संभव नहीं हो पाता। पब्लिक आर्ट ट्रस्ट ओफ़ इंडिया (पाटी), अलायंस फ्रांसेज़, जोधपुर नगर निगम, द जोधपुर लॉर (The Jodhpur Lore) एवं SCWEDIA के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ब्रीफ न्यूज

दो दिवसीय स्थायी लोक अदालतों के अध्यक्षों और सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) ने स्थायी लोक अदालतों के अध्यक्षों और सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। शनिवार को राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी, जोधपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस और रालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस विनीत कुमार माथुर ने किया। प्रशिक्षण में राजस्थान की विभिन्न स्थायी लोक अदालतों के 20 अध्यक्ष, 62 सदस्य और 4 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों सहित कुल 86 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य इन अदालतों की क्षमता बढ़ाना और आम लोगों को जल्दी और प्रभावी न्याय दिलाने की प्रक्रिया मजबूत करना है। उद्घाटन सत्र में जस्टिस विनीत कुमार माथुर ने कहा कि न्याय तभी सार्थक है, जब वह हर नागरिक के लिए सुलभ, किफायती और समयबद्ध हो। उन्होंने कहा कि परिवहन, डाक, दूरसंचार, बिजली और अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े विवाद लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर डालते हैं। ऐसे मामलों को जल्दी सुलझाने में स्थायी लोक अदालतों की भूमिका है। उन्होंने कहा कि इन अदालतों का मकसद सिर्फ मामलों का निपटारा करना नहीं, बल्कि पक्षकारों को प्रभावी राहत देना होना चाहिए। दो दिवसीय प्रशिक्षण में विशेषज्ञ विधिक प्रावधानों, सुलह-मध्यस्थता, संवाद कौशल, संघर्ष प्रबंधन, नैतिकता और संतुलित निर्णय प्रक्रिया पर प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में स्थायी लोक अदालतों की कार्यक्षमता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ आम लोगों की न्याय तक पहुंच आसान करने का प्रयास किया जा रहा है।

बच्चों को पिलाई जाएगी पोलिया की खुराक: 3.63 लाख बच्चों का लक्ष्य

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकाली गई। नगर परिषद से अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का संदेश दिया। रैली नगर परिषद से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वापस नगर परिषद पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी (आरसीएचओ) डॉ. राजकुमार बाजिया ने अभिभावकों से अपील की कि वे रविवार को अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे को खुराक पिलाना जरूरी है। अभियान में अभिभावक सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित नहीं रहे। आरसीएचओ डॉ. बाजिया ने बताया- जिले में 22 नवंबर को निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 23 और 24 नवंबर को घर-घर जाकर बूथ पर खुराक पीने से वंचित रह गए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। जिले में अभियान के तहत कुल 3 लाख 63 हजार 276 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

राजस्थान-पुलिस ने झारखंड के जंगलों से तस्कर को पकड़ा: भेष बदलकर 3 दिन तक की रैकी, दो साल से फरार आरोपी पर 50 हजार का इनाम था

ज़ूम न्यूज ▶▶| बालोतरा

राजस्थान सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर और बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए झारखंड के पलामू जिले के नक्सल प्रभावित हरिहरगंज इलाके में दबिश देकर 50 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था और तेल मिल में छिपकर बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो आरोपी जंगल की तरफ भागने लगा। टीम ने करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी सुरेंद्र साहू मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि 50 हजार रुपए का इनामी आरोपी झारखंड के हरिहरगंज इलाके में छिपा हुआ है।

सीआईडी क्राइम ब्रांच के एडीजी बिपिन कुमार पांडेय के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आईजी के.बी. वंदना और डीआईजी दीपक भार्गव के सुपरविजन में एसआई शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सूचना के आधार पर एसआई शंकरदयाल शर्मा और हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह तीन दिन पहले झारखंड पहुंचे। दोनों पुलिसकर्मियों ने भेष बदलकर लगातार रैकी की और आरोपी के संभावित ठिकानों



की जानकारी जुटाई। निगरानी के दौरान पता चला कि आरोपी सुरेंद्र साहू हरिहरगंज थाना क्षेत्र की एक तेल मिल में छिपा हुआ है।

सूचना की पुष्टि के बाद सीआईडी क्राइम ब्रांच ने जोधपुर रेंज के आईजी सत्येंद्र सिंह और बालोतरा एसपी राजेश कांवट से संपर्क किया। इसके बाद सिणधरी थानाधिकारी शंकरलाल को पुलिस टीम के साथ झारखंड बुलाया गया। सीआईडी टीम ने अपनी पहचान छिपाकर निगरानी जारी रखी और आरोपी की मौजूदगी की पुष्टि की। इसके बाद सीआईडी क्राइम ब्रांच, सिणधरी पुलिस और हरिहरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी जंगल की तरफ भागने लगा। इस पर टीम ने उसका पीछा किया और करीब एक किलोमीटर दूर जाकर उसे पकड़ लिया।

आरोपी को सिणधरी पुलिस के सुपुर्द किया

गिरफ्तारी के बाद आरोपी सुरेंद्र साहू को सिणधरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई में बृजेश कुमार शर्मा और कुलदीप सिंह की अहम भूमिका रही। वहीं, तकनीकी सहयोग सोहन देव यादव ने दिया। सिणधरी थानाधिकारी शंकरलाल, कांस्टेबल गेनाराम, टीकमराम और चालक कांस्टेबल बाबूलाल भी कार्रवाई में शामिल रहे। आरोपी सुरेंद्र साहू बालोतरा जिले के सिणधरी थाना क्षेत्र में दर्ज 261 किलोग्राम डोडा-पोस्त तस्करी के मामले में फरार चल रहा था। इस मामले की जांच में मादक पदार्थ की सप्लाई झारखंड से किए जाने का खुलासा हुआ था। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और उसके संपर्कों के बारे में भी जानकारी मिल सकती है।

पाली में डोडा-पोस्त और गांजा तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

6 महीने बाद पकड़े गए; एक डर के कारण मोबाइल नहीं चलाता था

ज़ूम न्यूज ▶▶| पाली



पाली जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के दो मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी करीब 6 महीने से पुलिस की तलाश में थे। एक आरोपी पकड़े जाने के डर से मोबाइल तक इस्तेमाल नहीं करता था। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में टीम बनाकर दोनों को पकड़ा। एक मामले में आरोपी की गाड़ी से 1 किलो 940 ग्राम डोडा-पोस्त मिला था, जबकि दूसरे मामले में गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

गाड़ी छोड़कर भागा आरोपी, तलाशी में मिला डोडा-पोस्त

पाली जिले के जेतपुर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में फरार आरोपी सुरेश की तलाश में जेतपुर पुलिस ने नेहड़ा में दबिश दी। पुलिस को सामने देखकर आरोपी ने गाड़ी दौड़ा दी। पीछा करने पर वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 1 किलो 940 ग्राम डोडा-पोस्त मिला। मामले की जांच पाली के ट्रांसपोर्ट नगर थानाप्रभारी हनुवंत सिंह सिसोदिया को सौंपी गई। उन्होंने आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई। टीम ने जेतपुर थाना क्षेत्र के सियागों की ढाणी, नेहड़ा निवासी 34 साल के सुरेश कुमार पुत्र बाबूलाल को गिरफ्तार किया। आरोपी करीब 6 महीने से फरार चल रहा था।

3 मई 2026 को रोहट थाना पुलिस ने बाइक सवार 40 साल के मदनलाल पुत्र कालूराम को 6.170 किलो गांजे के साथ पकड़ा था। पूछताछ में सामने आए सप्लायर की तलाश शुरू की गई। मामले की जांच कर रहे सदर थानाप्रभारी कपूराराम चौधरी ने टीम बनाई।

कागमाला स्कूल में करियर सेमिनार: सीनियर वर्ग में किस्मत और जूनियर में पूर्णा प्रथम रहीं

ज़ूम न्यूज ▶▶| रानीवाड़ा

रानीवाड़ा के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल, कागमाला में मोटिवेशन सेमिनार और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा हुई। छात्रों को उच्च शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य नारायण लाल जीनगर ने बताया- कार्यक्रम कागमाला पीईईओ शैलेष कुमार दवे की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि रानीवाड़ा के ब्लॉक साक्षरता अधिकारी दीपसिंह देवल थे।

कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता रमेश कुमार पंचाल ने आयोजन की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए पाठ्यपुस्तकों के साथ सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता और समसामयिक विषयों की जानकारी भी जरूरी है। सेमिनार में स्कूल के विषयाध्यापकों ने उच्च शिक्षा, रोजगार और व्यावसायिक क्षेत्रों में करियर के विकल्प बताए। शिक्षकों ने छात्रों से अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार लक्ष्य तय करने को कहा। उन्होंने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी।

प्रश्नोत्तरी परीक्षा जूनियर और सीनियर,



दो वर्गों में हुई। इसमें राजस्थान और भारत का इतिहास, भूगोल, विज्ञान, संविधान, खेलकूद और समसामयिक विषयों से जुड़े सवाल पूछे गए। सीनियर वर्ग में किस्मत कंवर प्रथम, भूमिका कुमारी द्वितीय और मनीषा कुमारी तृतीय रहीं। जूनियर वर्ग में पूर्णा कुमारी प्रथम, हितेश कुमार द्वितीय और योगिता कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। भामाशाह और कार्यक्रम प्रभारी रमेश कुमार पंचाल की ओर से विजेताओं को पुरस्कार देने की व्यवस्था की गई। पीईईओ शैलेष कुमार दवे ने कहा- छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामान्य ज्ञान और भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य विकसित करना स्कूल की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से छात्रों की प्रतिभा निखरती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कार्यक्रम प्रभारी और स्कूल स्टाफ की सराहना भी की।

कार से भिड़ंत के बाद बाइक में ब्लास्ट, 2 की मौत: एक के पैर के चीथड़े सड़क पर बिखरे; दोनों जालोर जा रहे थे

ज़ूम न्यूज ▶▶| जालोर

जालोर में स्विफ्ट कार और बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बाइक में लग गई और जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि एक बाइक सवार का पैर उखड़ गया और उसके चीथड़े बिखर गए।

बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा बिशनगढ़ थाना इलाके में नरसाणा पुलिया के पास शनिवार शाम करीब 6:30 हुआ।

थाना अधिकारी पन्नालाल ने बताया- शम्भू राम (44) निवासी साकड़ा (जैसलमेर) और जगदीश उर्फ जगाराम (45) पुत्र घेवरराम नाई निवासी नाइयों की ढाणी, चाबा, शेरगढ़ (जोधपुर) दोनों बाइक पर शेरगढ़ से जालोर आ रहे थे। रास्ते में बिशनगढ़ थाना इलाके में नरसाणा पुलिया के पास बाइक की कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में शम्भू राम का पैर उखड़ गया और उसके चीथड़े बिखर गए। शंभू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जालोर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शम्भू राम का जालोर के भगली प्याऊ इलाके और जगदीश का तासखाना बावड़ी इलाके में सैलून है।



27 करोड़ रुपए की जमीन 93 लाख में बेचने का आरोप: हाईकोर्ट का FIR रद्द करने से इनकार

कंपनी के निदेशकों ने रिश्तेदारों के नाम की थी ट्रांसफर

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने चौपासनी आइस एरेटेड वाटर एंड ऑयल मिल्स लिमिटेड की संपत्ति कथित तौर पर कम कीमत में बेचने के मामले में FIR रद्द करने की तीनों याचिकाएं खारिज कर दीं। जस्टिस रवि चिरानिया की पीठ ने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया गंभीर आपराधिक कृत्य का है, इसलिए आपराधिक कार्यवाही खत्म करना उचित नहीं होगा। कंपनी के शेयरधारक भगवती प्रसाद बंग ने 19 अगस्त 2024 को शास्त्री नगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत कई धाराएं लगाई गई थीं। आरोप है कि कंपनी के निदेशकों और शेयरधारकों ने मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 27 करोड़ रुपए से अधिक बाजार मूल्य की संपत्ति 93 लाख रुपए में अपने रिश्तेदारों के नाम कर दी।

हाईकोर्ट ने पाया कि 1995 में कंपनी की संपत्ति बेचने के लिए अमरचंद बंग और भीकमचंद बूब को अधिकृत किया गया था। लेकिन 2023 में संपत्ति के विक्रय विलेख बनाते समय शेयरधारकों की विधिवत बैठक होने का कोई भरोसेमंद रिकॉर्ड पेश नहीं किया गया। अदालत ने यह भी माना कि दिनेश बूब कंपनी की ओर से संपत्ति हस्तांतरित करने के लिए अधिकृत नहीं थे। न्यायालय ने संपत्ति का कम मूल्य दिखाकर विक्रय विलेख बनाने से सरकारी राजस्व को हुए नुकसान पर टिप्पणी की। अदालत ने उचित स्टाम्प शुल्क जमा नहीं होने और पंजीयन विभाग की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। हाईकोर्ट ने कहा कि एनसीएलटी में मामला लंबित होने से आपराधिक कार्यवाही पर रोक नहीं लगती। जांच में अपेक्षित सहयोग नहीं किए जाने का संज्ञान लेते हुए अदालत ने तीनों याचिकाएं खारिज कर दीं।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 में युवा सम्मेलन, 5 प्रतियोगिताएं संपन्न



जूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

बाड़मेर मुल्तानमल भीखचंद छाजेड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी चौक में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत युवा सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों ने पांच विधाओं की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, लोक गायन, सामूहिक लोकगीत, कविता लेखन शामिल रहे। जिला युवा अधिकारी पंकज माडेचा ने सम्मेलन में नशा मुक्ति थीम पर विचार रखे। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि मंच का उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व, नवाचार, रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। विद्यालय प्राचार्य बाबूसिंह चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देते हैं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नुक्कड़ नाटक में उदय यूथ कम्युनिटी प्रथम रही। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय ने दूसरा स्थान हासिल किया। चित्रकला में कविता प्रथम, हेमांग जोशी द्वितीय व जसवंत सिंह तृतीय रहे। कविता लेखन में लालू सिंह प्रथम, पूनम चंद नेहरा द्वितीय व प्रकाश गर्ग तृतीय रहे। आयोजकों के अनुसार चयनित प्रतिभागी आगे संभाग स्तर पर भाग लेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ और विभिन्न संस्थानों से आए शिक्षकों ने संचालन में सहयोग किया। बाड़मेर. कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व शिक्षक।

ब्रीफ न्यूज

कोटा: 12 साल पुराने रिश्वत के मामले में रेलवे इंजीनियर बरी

जूम न्यूज ▶▶| कोटा

कोटा एसीबी कोर्ट ने रिश्वत मांगने के 12 साल पुराने मामले में संदेह का लाभ देते हुए रेलवे इंजीनियर को बरी किया है। मामले में अभियोजन पक्ष कोर्ट में रिश्वत की मांग साबित नहीं कर सका। शिकायतकर्ता और गवाह अपने बयान से मुकर गए। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी राजेन्द्र प्रसाद (वरिष्ठ खण्ड अभियंता पश्चिम मध्य रेलवे, बारां) को संदेह का लाभ देकर सभी आरोपों से बरी कर दिया। एडवोकेट दीपक मित्तल ने बताया कि अभियुक्त राजेंद्र शुरू से ही खुद को निर्दोष बताते हुए कह रहा था कि उसने कोई रिश्वत नहीं ली। शिकायतकर्ता ने उससे 5 हजार रुपए उधार लिए थे, जिन्हें वह वापस कर रहा था। इसके अलावा, आरोपी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति सक्षम अधिकारी की ओर से जारी नहीं की गई थी। रिकॉर्डिंग में भी रिश्वत की मांग की पुष्टि नहीं हुई। वहीं, शिकायतकर्ता ने कोर्ट में बयानों से पलटते हुए रिश्वत देने से इनकार कर दिया।

सीकर की शिवसिंहपुरा जेल में विचाराधीन कैदी की मौत

जूम न्यूज ▶▶| सीकर

सीकर की शिवसिंहपुरा जिला जेल में बंद एक विचाराधीन बंदी की तबीयत बिगड़ने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कैदी 63 वर्षीय भाउद्दीन है जो सीकर के मोहल्ला बिसातियान चौक का रहने वाला था। वह जमीन से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में वर्ष 2025 से ज्युडिशियल कस्टडी में शिवसिंहपुरा जेल में बंद था। जेल अधीक्षक इंद्र कुमार के अनुसार, भाउद्दीन की शुक्रवार शाम को अचानक तबियत खराब हो गई थी। जेल प्रशासन ने तुरंत उसे इलाज के लिए सीकर के SK अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर्स ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जयपुर में इलाज के दौरान शनिवार को भाउद्दीन ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट फेल होना माना जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

रेलवे ट्रैक ब्लास्ट के लिए लोकेशन भेजी, तीसरा आरोपी गिरफ्तार

जूम न्यूज ▶▶| श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिले में रेलवे ट्रैक पर हुए बम ब्लास्ट के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी हरप्रीत सिंह (20) को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हरप्रीत पाकिस्तानी हैंडलर से ब्लास्ट के लिए लोकेशन लेकर अपने दोस्त देवेंद्र और महकदीप कौर को भेजता था। पुलिस आरोपी हरप्रीत को शनिवार को पंजाब के गुरदासपुर स्थित जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर श्रीगंगानगर ले आई। अनूपगढ़ एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड पर सौंप दिया। आरोपी हरप्रीत पंजाब में फायरिंग के एक मामले में जेल में बंद था। पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के इशारे पर काम करता था।

बीकानेर में जिला प्रमुख को लेकर कांग्रेस में खींचतान: दो जगह चल रही बाड़ेबंदी, महिला प्रत्याशी को जबरन उठाया; अब थाने तक पहुंचा मामला

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर में जिला प्रमुख की कुर्सी को लेकर कांग्रेस में खींचतान शुरू हो गई है। कांग्रेस दो गुट में बंट गई है। दो जगह बाड़ेबंदी की गई है। वार्ड-9 की सदस्य मैना देवी को जबरन निकिता डूडी की बाड़ेबंदी में ले जाने का आरोप है। मैना के पति ने नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और यूथ कांग्रेस नेता भंवर कूकणा के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। साथ मैना देवी के देवर ने धक्का-मुक्की और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। इस मामले में देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा- मुझे मामले की जानकारी नहीं है। कल दिनभर काउंटिंग में था। पार्टी कार्यकर्ताओं का आपसी विवाद है, समझाइश करके निपटाया जाएगा।

20 नवंबर को परिणाम घोषित होने के बाद जीते सदस्यों को सर्टिफिकेट दिए जा रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस के दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। मौके पर मौजूद मैना देवी के देवर ने आरोप लगाया कि उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और कपड़े फाड़े गए। इसके बाद मैना देवी को जबरन अपने साथ ले गए। दरअसल, कांग्रेस से नोखा विधायक सुशीला डूडी की बहू निकिता डूडी और पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल की बेटी सरीता चौहान जिला प्रमुख पद की दावेदार हैं। दोनों के लिए यह प्रतिष्ठा का सवाल है। कांग्रेस के ये दोनों गुट पहले से आमने-सामने हैं। ऐसे में जिला प्रमुख पद को लेकर बड़े राजनीतिक उलटफेर की आशंका जताई जा रही है। बीकानेर में कांग्रेस ने दो अलग-अलग जगह बाड़ेबंदी की है। एक तरफ गोविन्दराम मेघवाल ने अपने समर्थक सदस्यों को जमा किया है, वहीं दूसरी जगह देहात कांग्रेस ने निकिता डूडी के लिए सदस्यों को जमा किया है। इतना ही नहीं, पंचायत समिति प्रधानों के लिए भी अलग-अलग जगह बाड़ेबंदी की गई है। इसमें नोखा में कांग्रेस और भाजपा दोनों उलटफेर करने की कोशिश में हैं।



पूर्व सरपंच की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

विजयनगर में मतदान के दौरान फर्जी वोटिंग को लेकर हुआ था विवाद

जूम न्यूज ▶▶| खेतड़ी

खेतड़ी के विजयनगर में मतदान के दौरान पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण की हत्या के मामले में खेतड़ी पुलिस ने देर शाम दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद ने बताया - 17 नवंबर को राजेश कुमार सैनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 16 नवंबर को सरपंच चुनाव के मतदान के दौरान उसके पिता लक्ष्मीनारायण पोलिंग बूथ के बाहर बैठे थे। इसी दौरान सुरेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह, दौलत सिंह, रणवीर सिंह और 5-7 अन्य व्यक्तियों ने एकराय होकर उन पर जान से मारने की नीयत से कुर्सियों से हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायल लक्ष्मीनारायण को उपचार के लिए पहले बबाई अस्पताल और बाद में नीमकाथाना अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एसपी के निर्देश पर गठित की टीम

मतदान के दौरान पूर्व सरपंच की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण के मुख्य आरोपी ढाणी मीनावाली निवासी सुरेन्द्र सिंह और आशाकाला निवासी जयपाल सिंह को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ खेतड़ी थाने में पहले भी मारपीट के दो-दो मामले दर्ज हैं।

चूरू: जिला प्रमुख के लिए जाट-ब्राह्मण महिलाओं के नाम चर्चा में आए

जूम न्यूज ▶▶| चूरू

चूरू जिला परिषद की 39 सीटों के नतीजों में कांग्रेस ने 21 सीटें जीतीं। भाजपा को 17 और सीपीआईएम को एक सीट मिली। बहुमत के आधार पर कांग्रेस का जिला प्रमुख बनना तय माना जा रहा है। सीपीआईएम के जीते सदस्य के कांग्रेस में शामिल होने की भी चर्चा है।

जिला प्रमुख का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। कांग्रेस जाट महिला प्रत्याशी को मौका दे सकती है। सहमति नहीं बनने पर ब्राह्मण महिला प्रत्याशी के नाम पर विचार हो सकता है। कांग्रेस में वार्ड 26 से जीतीं प्रकाश देवी बुडानिया और वार्ड 18 से जीतीं नारायणी देवी चाहर के नाम चर्चा में हैं। विरोध होने पर वार्ड 3 की प्रत्याशी अंजूबाला शर्मा को भी मौका मिल सकता है। अंजूबाला पूर्व मंत्री भंवरलाल शर्मा की पुत्रवधू हैं। भाजपा के पास बहुमत नहीं है, फिर भी कनिका सिंह और संतोष मेघवाल के नामांकन दाखिल कराने की चर्चा है।

झुंझुनूं जिला परिषद चुनाव में 26 महिलाएं जीतीं: कांग्रेस की 17 और भाजपा की 9 महिला प्रत्याशी

जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं



जिला परिषद चुनाव के नतीजों में महिलाओं ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। 41 वार्डों में से 26 पर महिला प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। यानी जिला परिषद के आधे से ज्यादा वार्डों में अब महिलाएं प्रतिनिधित्व करेंगी। कांग्रेस से 17 और भाजपा से 9 महिला प्रत्याशी चुनाव जीती हैं। कांग्रेस ने जिला परिषद में 29 वार्ड जीतकर बहुमत हासिल किया। भाजपा को 11 और निर्दलीय को एक सीट मिली। कांग्रेस की जीत में महिला प्रत्याशियों की अहम हिस्सेदारी रही। जिला परिषद के 41 वार्डों में कांग्रेस की 17 और भाजपा की 9 महिला प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। महिला विजेताओं में कई ने बड़े अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया, जबकि कुछ वार्डों में जीत का फैसला बेहद कम वोटों से हुआ।

महिला प्रत्याशियों में कई ने मजबूत जीत दर्ज की। वार्ड 15 में कांग्रेस की शांति ने 13,537 वोट हासिल कर भाजपा के पुष्कर सिंह सूरपुरा को 6,361 वोटों से हराया। वार्ड 35 में कांग्रेस की सुन्दर 13,268 वोट लेकर 4,237 वोटों से जीतीं। वार्ड 11 में किरण कुमावत ने 12,477 वोट प्राप्त कर 3,685 वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा की महिला प्रत्याशियों में वार्ड 29 की मीनू कुमारी ने 11,271 वोट हासिल किए और कांग्रेस के सुरेश सिंह को 5,141 वोटों से हराया। वार्ड 37 में अंजू काला 12,059 वोट लेकर 894 वोटों से विजयी रहीं। महिला विजेताओं के चुनाव परिणामों में जीत के अंतर भी अलग-अलग रहे। वार्ड 24 में कांग्रेस की रतिराम ने केवल 148 वोटों से जीत दर्ज की। वार्ड 32 में कांग्रेस की अनिता 305 वोटों से और वार्ड 3 में कांग्रेस की डॉ. निकिता 437 वोटों से विजयी रहीं। वहीं भाजपा की दीक्षा अहलावत वार्ड 18 में 325 वोटों से जीतीं। भाजपा के कुल 11 विजेता प्रत्याशियों में 9 महिलाएं हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा- कमजोर स्टूडेंट्स की एक्स्ट्रा क्लास लगेगी: कोटा में अधिकारियों की बैठक ली; कबाड़ हटाने का आदेश दिया

जूम न्यूज ▶▶| कोटा



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कोटा के जनसंवाद केंद्र पर कोटा संभाग के शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से जिलेवार प्रगति रिपोर्ट ली। मंत्री दिलावर ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर को फोन करके चुनाव कार्य के नाम पर लंबे समय से जिला कार्यालयों में लगाए गए शिक्षा विभाग के कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर मूल पद पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ के लिए भी मुख्यालय स्तर से ही शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों को चुनाव कार्य के नाम पर मुख्यालय में नहीं लगाया जाए। बिना सक्षम स्वीकृति के डेपुटेशन और कार्य व्यवस्था पर रोक लगाई जाए। एक ही शिक्षक को बार-बार कार्यालयों में कार्य व्यवस्था के नाम पर लगाने की प्रवृत्ति भी बंद होनी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए कहा कि कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए एक्स्ट्रा क्लास लगाई जाएं और नियमित प्रैक्टिस करवाई जाए। उन्होंने कहा कि विषयवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले साल जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम कमजोर रहा था, उन्हें चिह्नित कर अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी जाए। संबंधित अधिकारी ऐसे विद्यालयों को गोद लेकर नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि इस साल उनके परीक्षा रिजल्ट में सुधार किया जा सके।

मंत्री दिलावर ने कहा कि जब वे विद्यालयों का दौरा करते हैं तो कई जगह स्कूल भवन के एक-दो कमरे कबाड़ से भरे हुए मिलते हैं। यदि यह सामान अनुपयोगी है तो उसे कमरों में भरकर रखने का क्या औचित्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में रखे अनुपयोगी कबाड़ का 10 दिन में पूरी तरह निस्तारण किया जाए। शिक्षा मंत्री ने संभागीय समीक्षा बैठक में डाइट एवं BSTC प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षुओं की उपस्थिति एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रभावी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि महीने में कम से कम एक बार संस्थाओं का निरीक्षण करना चाहिए। दिलावर ने कहा कि मेरे सामने कई बार ऐसे उदाहरण आते हैं कि लोग आते हैं और बोलते हैं कि B.Ed कॉलेज में फोन कर दो और डोनेशन की फीस काम करवा दो। यह गलत है। इस पर प्रभावी नियंत्रण होना चाहिए। जिन कॉलेजों में अनुपस्थित पाई जाएगी उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

सरकारी कॉलेजों में आयोजित रोजगार मेलों की होगी समीक्षा

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में आयोजित रोजगार मेलों और कैंपस प्लेसमेंट की अब समीक्षा होगी। आयुक्तालय ने राज्य के सभी नियमित राजकीय महाविद्यालयों से पिछले तीन शैक्षणिक वर्षों का रिकॉर्ड मांगा है।

इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में आयोजित जॉब फेयर एवं कैंपस प्लेसमेंट से संबंधित समस्त जानकारी निर्धारित गूगल स्प्रेडशीट Job Fair Spreadsheet 2026 में दर्ज करनी होगी। जिन शैक्षणिक सत्रों में कोई आयोजन नहीं हुआ है, उनके सामने NIL अंकित करना अनिवार्य होगा। आयुक्तालय की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार कॉलेजों को केवल रोजगार मेलों के आयोजन की जानकारी ही नहीं देनी होगी।

दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित बीकानेर: प्रदूषण का स्तर AQI 288 पर पहुंचा

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर में नवंबर के तीसरे सप्ताह में सर्दी के साथ अब प्रदूषण की समस्या भी बढ़ने लगी है। शनिवार सुबह शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 288 दर्ज किया गया। यह स्तर दिल्ली से भी अधिक रहा। बीकानेर शनिवार सुबह राजस्थान के सबसे प्रदूषित शहरों में शीर्ष पर रहा। हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंचने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। उधर, आने वाले दिनों में बीकानेर सर्दी बढ़ने की उम्मीद है। तापमान अभी सामान्य दिनों की तुलना में करीब तीन डिग्री सेल्सियस कम चल रहा है।

मौसम में बदलाव के बीच सुबह और रात के समय ठंड का असर महसूस होने लगा है। शनिवार को बीकानेर में अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिन में आसमान साफ रहने और धूप निकलने से लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि सुबह-शाम ठंड का असर बना रहेगा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में बीकानेर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 22 और 23 नवंबर को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री के आसपास रह सकता है। 24 नवंबर को न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। 25 और 26 नवंबर को भी दिन का तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। AQI का 288 तक पहुंचना हवा की खराब गुणवत्ता का संकेत है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी परेशानी वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सुबह के समय खुले में लंबे समय तक व्यायाम करने से बचना बेहतर रहेगा।

अपने फेडरल रिजर्व को ट्रंप की नसीहत

भारत को देखो, कम ब्याज दर से 7% जीडीपी की ग्रोथ कर रहा, हमारी सिर्फ 4%

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की एपीईसी बैठक से लौट पर पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस दौरान उन्होंने भारत की आर्थिक रफ्तार की तारीफें कर डाली हैं। ट्रंप, भारत की कम ब्याज दर और 7% जीडीपी ग्रोथ की प्रशंसा करते हुए अपने देश में वही सिस्टम फॉलो करने की वकालत कर डाली। उन्होंने भारत का उदाहरण देते हुए अपने ही देश के केंद्रीय बैंक यानी फेडरल रिजर्व पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप का दावा है कि अगर अमेरिका भी दरें कम कर दे, तो उसकी जीडीपी ग्रोथ 15 से 20% तक पहुंच सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की कम ब्याज दर और 7% जीडीपी ग्रोथ की प्रशंसा करते हुए अपने देश में वही सिस्टम फॉलो करने की वकालत कर डाली। उन्होंने भारत का उदाहरण देते हुए अपने ही देश के केंद्रीय बैंक यानी फेडरल रिजर्व पर तीखा हमला बोला है।

फेडरल बैंक को अपने ही देश को नुकसान पहुंचाने का आरोप

भारत का सिस्टम फॉलो करने की दी सलाह



पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप फाइल फोटो

भारत पर 'टू-फ्रंट वॉर' का खतराः अमेरिकी रिपोर्ट

अमेरिका की एक संसदीय समिति (यूएससीसी) ने भारत की सुरक्षा को लेकर एक बेहद अहम और चेतावनी भरी रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ती रैंक्य साझेदारी भारत के लिए दो मोर्चों पर युद्ध यानी एक ही समय में चीन और पाकिस्तान दोनों से टकराव के खतरे को तेजी से बढ़ा रही है।

फेडरल रिजर्व बैंक बहुत 'राजनीतिक'

व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक पर देश को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास एक बेहद 'राजनीतिक' फेडरल रिजर्व है। ट्रंप के मुताबिक, जब भी अमेरिका अच्छे आर्थिक आंकड़े जारी करता है, फेडरल रिजर्व ब्याज दरें बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि मैं चेयरमैन को दोष नहीं दे रहा हूं, लेकिन सच्चाई यही है कि हमारा फेड बहुत राजनीतिक है। जब हम अच्छे नंबर लाते हैं, तो वो ब्याज दरें बढ़ा देते हैं। जबकि होना इसका बिल्कुल उल्टा चाहिए।

ब्याज दरें घटाएं, बढ़ाएं नहीं

ट्रंप का मानना है कि मजबूत आर्थिक आंकड़ों के बाद देश की साख बेहतर होती है, इसलिए ब्याज दरें घटाई जानी चाहिए न कि बढ़ाई जानी चाहिए। अपनी दलील को मजबूत करने के लिए ट्रंप ने सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा कि अगर आप भारत को देखें, तो वहां ब्याज दरें कम है और उनकी जीडीपी 7% है। अगर हम भी ब्याज दरें कम करें, तो हमारी जीडीपी 4% की जगह 14, 15 या शायद 20% तक हो सकती है और हम अपना कर्ज भी बहुत तेजी से चुका सकते हैं।

ट्रंप ब्याज दर कटौती की मांग कर रहे

अमेरिका में फेडरल रिजर्व ने सितंबर में साल 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी। फेड चेयर केविन वार्श ने महंगाई पर काबू पाने के लिए दरें बढ़ाने को जरूरी बताया था, जबकि ट्रंप लगातार कटौती की मांग कर रहे थे। अनुमान के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ 3.4% दर्ज की गई है।

सबसे कम ब्याज दर रखें

ट्रंप ने ये भी तर्क दिया कि दुनिया में सबसे कम ब्याज दर अमेरिका की होनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका ही दूसरे देशों को सफल बनाता है। उनके मुताबिक, कई देश जो खुद को वित्तीय रूप से बहुत आगे मानते हैं, वो अमेरिका की वजह से ही इस मुकाम पर हैं।

खबर संक्षेप

पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करेंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना अकादमी में शरदकालीन सत्र 2026 की पासिंग आउट परेड 28



नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि और पर्यवेक्षक होंगी। यह अवसर अधिकारी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के सफल समापन और भारतीय नौसेना में कमीशन सेवा में उनके प्रवेश का प्रतीक होगा।

गोल्डी बराड़ को पकड़ने पर 9 करोड़ का इनाम

वॉशिंगटन। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी में मदद करने वालों



को 10 लाख डॉलर यानी करीब 9.26 करोड़ रुपए से ज्यादा का इनाम देने का ऐलान किया है। एफबीआई ने कहा कि जब तक गोल्डी अमेरिकी अदालत में पेश नहीं होता, तब तक उसका पीछा जारी रहेगा। उसे अपनी 10 मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल किया है।

इराक के पावर स्टेशन में भीषण आग, 4 की मौत

बगदाद। दक्षिणी इराक के बसरा के उत्तर में स्थित हरथा पावर स्टेशन में शनिवार सुबह करीब 6



बजे भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हुए हैं। आग इतनी तेजी से फैली कि इसकी लपटें आसपास के घरों तक पहुंच गईं। कई लोग झुलस गए और जहरीला धुआं सांस के जरिए उनके शरीर में चला गया।

कनाडा में 2 भारतीयों की गोली मारकर हत्या

ओटावा। कनाडा में भारतीय मूल के दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना ब्रिटिश



कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में एक वॉलमार्ट स्टोर के बाहर हुई। पुलिस का मानना है कि यह कोई अचानक हुई वारदात नहीं, बल्कि पहले से निशाना बनाकर किया गया हमला था। शुरुआती जांच में इसका संबंध संगठित अपराध से जुड़ा होने की आशंका जताई गई है।

जीटीए-6 ने पहले दिन ही कमाए 20 हजार करोड़

वॉशिंगटन। बीते बुधवार को लॉन्च हुए बेहद लोकप्रिय ओपन-वर्ल्ड एक्शन-एडवेंचर वीडियो गेम ग्रैंड



थेफ्ट ऑटो-6 (जीटीए-6) ने पहले ही दिन 2.45 करोड़ से अधिक कॉपियों की बिक्री और लगभग 2.36 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़) की कमाई के साथ गेमिंग इतिहास के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कंसोल पर इस गेम को डाउनलोड करने के लिए 212 जीबी स्टोरेज की जरूरत है।

भारत-ईयू के बीच लागू होने जा रहे एफटीए को बुल्गारिया का समर्थन

भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए बुल्गारिया का जताया आभार

व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को हुए सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बुल्गारिया देशों की टीमों ने सहयोग का एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है, जिसे बैठक के दौरान मंजूरी दी गई। इससे आने वाले समय में दोनों देशों की गतिविधियों और सहयोग के क्षेत्रों को स्पष्ट दिशा मिलेगी।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत और बुल्गारिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने पर जोर दिया है। यहां बुल्गारिया की अपनी समकक्ष वेलिस्लावा पेत्रोवा-चामोवा के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), अंतरिक्ष, पर्यटन और लोगों की आवाजाही जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में भारत दौरे पर आईं बुल्गारिया की मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद हो रही यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों की प्रगति का आकलन करने और भविष्य के सहयोग की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान विदेश मंत्री ने काला सागर में जहाजों पर हुए हमलों का जिक्र भी किया। जयशंकर ने काला सागर में हमले का शिकार हुए जहाजों पर सवार भारतीय नाविकों की स्वदेश वापसी में बुल्गारिया सरकार की मदद के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमले में घायल हुए कुछ नाविकों की देखभाल में भी बुल्गारिया ने सहयोग किया।


बुल्गारिया की विदेश मंत्री वेलिस्लावा पेत्रोवा-चामोवा और जयशंकर

संबंधों को मिलेगी नई गति

जयशंकर ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस प्रक्रिया में बुल्गारिया के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता जल्द लागू होने की उम्मीद है, जिससे दोनों पक्षों के संबंधों को नई गति मिलेगी। व्यापार, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा के क्षेत्र में भारत यूरोप के साथ सहयोग को और व्यापक बनाना चाहता है।

द्विपक्षीय सम्बन्धों की समीक्षा

विदेश मंत्री ने जून में सोफिया की अपनी यात्रा का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिली थी। अब हमारे पास द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा करने का अवसर है। दोनों देशों की टीमों ने सहयोग का एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है, जिसे बैठक के दौरान मंजूरी दी गई। इससे आने वाले समय में दोनों देशों की गतिविधियों और सहयोग के क्षेत्रों को स्पष्ट दिशा मिलेगी।

बुल्गारिया की विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

बुल्गारिया गणराज्य की विदेश मंत्री वेलिस्लावा पेत्रोवा-चामोवा ने राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास व्यक्त किया कि 17 वर्षों में किसी बल्गेरियाई विदेश मंत्री की यह पहली भारत यात्रा दोनों देशों की साझेदारी को नई गति प्रदान करेगी।


वेलिस्लावा पेत्रोवा-चामोवा और राष्ट्रपति मुर्मू

कई क्षेत्रों में बढ़ रहा द्विपक्षीय सहयोग

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत और बुल्गारिया के बीच व्यापार एवं निवेश, रक्षा, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष, मोबिलिटी, सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते के कार्यान्वयन से व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

ईयू के साथ सातवीं समीक्षा बैठक की

भारत और यूरोपीय संघ के बीच सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी तथा मोबिलिटी फ्रेमवर्क पर हुए हस्ताक्षर का भी उल्लेख हुआ। इसके अलावा, होराइजन यूरोप कार्यक्रम को लेकर वार्ता संपन्न हुई है और दोनों पक्षों के बीच सातवीं रणनीतिक साझेदारी समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। विदेश मंत्री के अनुसार, द्विपक्षीय, यूरोपीय और बहुपक्षीय तीनों स्तरों पर भारत और बुल्गारिया के बीच सहयोग की मजबूत नींव मौजूद है। इसी आधार पर दोनों देश अपने संबंधों को आगे बढ़ा सकते हैं।

सियांग बांध के विरोध पर बोले शाह

बातचीत के जरिए निकालेंगे रास्ता, लोगों को दिया भरोसा


'राष्ट्रपति पुलिस ध्वज' प्रदान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 11200 मेगावाट के सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को राज्य के दौरे पर पहुंचे। राजधानी ईटानगर के पास बांदरदेवा स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उनकी परंपराओं, संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं की पूरी तरह रक्षा करेगी और बातचीत के जरिए ही आगे का रास्ता निकाला जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि स्थानीय लोगों की कुछ चिंताएं बेहद महत्वपूर्ण हैं।

अरुणाचल सामरिक दृष्टि से बेहद अहम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित अरुणाचल प्रदेश सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और इसकी सुरक्षा, शांति तथा विकास पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पुलिस को 'राष्ट्रपति पुलिस ध्वज' प्रदान किये जाने को पुलिस बल और राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

शाह ने तीन देशों के साथ लगती 1,863 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर देश की सुरक्षा मजबूत करने में पुलिस बल की भूमिका पर भी जोर दिया। यशाह ने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान देश में किसी पुलिस बल को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है और यह उसके जवानों के साहस, अनुशासन, समर्पण तथा प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। गृह मंत्री ने 900 से अधिक नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

स्थानीय संस्कृति के प्रति सम्मान

अमित शाह ने कहा कि स्थानीय संस्कृति के प्रति सरकार और मेरे मन में भी उतना ही सम्मान है, जितना आपके मन में है। हम यहां की परंपरा, संस्कृति और धर्म से कोई समझौता किए बिना ही आगे बढ़ेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ संवाद करें और राज्य प्रशासन के माध्यम से अपनी बात केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंचाएं। बता दें, अरुणाचल के सियांग और ऊपरी सियांग जिलों में रहने वाले मूल निवासी आदि समुदाय के लोग और कई स्थानीय संगठन इस मेगा डैम प्रोजेक्ट का कड़ा विरोध कर रहे हैं। हाल के महीनों में यह विरोध काफी तेज हो गया है।

पश्चिम एशिया में फिर तनाव

ईरान-यूएस की वार्ता अटकी एटम भंडार पर एक राय नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत एक बार फिर संकट में फंस गई है। दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा विवाद ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के भंडार को लेकर है। अमेरिका चाहता है कि ईरान इस भंडार को खत्म करने और भविष्य में यूरेनियम संवर्धन दोबारा शुरू नहीं करने की लिखित गारंटी दे। वहीं, ईरान अपनी शर्तों और राष्ट्रीय हितों से समझौता करने को तैयार नहीं है। बातचीत में मध्यस्थता कर रहे देशों ने भी चेतावनी दी है कि मौजूदा गतिरोध के बीच वे यह गारंटी नहीं दे सकते कि दोनों देशों के बीच फिर सैन्य टकराव नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने साफ कहा है कि उनका देश केवल मौजूदा कूटनीतिक संकट से बाहर निकलने के लिए अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। ईरान को ऐसा समझौता चाहिए जो उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे और भविष्य में किसी सैन्य टकराव को रोकने की गारंटी दे।


अब्बास अराघची

आगरा जाने की मिली अनुमति

मलिक ने पीएम मोदी के प्लान को सराहा, पाक आने का न्योता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एससीओ सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम में पाकिस्तान के पर्यावरण मंत्री मुसादिक मलिक ने पीएम नरेंद्र मोदी के डिजिटल रिपॉजिटरी प्रस्ताव का समर्थन किया है। इतना ही नहीं उन्होंने एससीओ के सभी सदस्य देशों को अगले साल पाकिस्तान आने का न्योता भी दिया है। मलिक ने खास तौर पर सिंधु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक शहर मोहनजोदड़ो की यात्रा का निमंत्रण दिया। यह वही पाकिस्तानी मंत्री हैं जो भारत को सिंधु नदी के पानी पर 'हाथ काटने' की धमकी देकर चर्चा में आए थे। भारत दौरे पर आए मलिक को आगरा जाने की मंजूरी मिल गई है। वह रविवार को दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल देखने पहुंच सकते हैं। हालांकि उनकी एक दूसरी इच्छा पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने दिल्ली की निजामुद्दीन दरगाह जाने की भी इजाजत मांगी थी लेकिन सुरक्षा कारणों से भारत सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी।


मुसादिक मलिक

नौसेना को मिला स्वदेशी गोताखोरी पोत



पानी के भीतर निरीक्षण क्षमता होगी मजबूत

मुंबई। भारतीय नौसेना को गोताखोरी सहायता पोत (डीएससी) परियोजना के तहत निर्मित डीएससी ए21 (यार्ड 326) मुंबई स्थित नौसेना गोदी में सौंप दिया गया है। इसका स्वदेशी डिजाइन और निर्माण कोलकाता की मेसर्स टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने किया है। यह पोत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और केंद्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल का उदाहरण है। डीएससी ए21 को दो पतवारों वाली संरचना के कैटामरन डिजाइन पर बनाया गया है। यह अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरणों से लैस है। इसके उन्नत डिजाइन से पोत को अधिक स्थिरता, डेक पर अतिरिक्त जगह और समुद्र में बेहतर संचालन क्षमता मिलती है। ये विशेषताएं इसे नौसेना को सौंपे गए विशेष कार्यों के लिए उपयुक्त बनाती हैं।

वाहन पर तैनात यह मिसाइल 8 किमी निशाना लगाने में सक्षम

लेजर बीम के सहारे लक्ष्य को बेधती है मिसाइल

पोखरण में बघीरा एटी1 एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में वाहन पर तैनात एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) प्रणाली 'बघीरा एटी1' का सफल प्रदर्शन किया है। यह जानकारी कंपनी ने दी। 'बघीरा एटी1' को 18 महीने के डिजाइन और विकास के बाद तैयार किया गया है। इस दौरान अडाणी डिफेंस ने भारतीय भूभाग, जलवायु और परिचालन संबंधी जरूरतों के अनुरूप मिसाइल प्रणाली को विकसित किया।

इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी


पोखरण में बघीरा एटी1 एंटी टैंक मिसाइल सिस्टम

एक बार में दो मिसाइल दागने में सक्षम

यह मिसाइल रेडियो लिंक के बजाय लेजर बीम के सहारे अपने लक्ष्य तक पहुंचती है। इससे युद्धक्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के खिलाफ इसकी प्रतिरोधक क्षमता काफी बढ़ जाती है। एक ही लक्ष्य पर एक ही लेजर बीम के जरिए तेजी से दो मिसाइलें दागी जा सकती हैं। पहली मिसाइल टैंक के एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम (एपीएस) को निशाना बनाती है, जबकि दूसरी मिसाइल उसकी सुरक्षा व्यवस्था को भेदने के लिए डिजाइन की गई है।

सैन्य अधिकारियों ने परीक्षण देखा

अडाणी डिफेंस ने बताया कि 20 नवंबर को पोखरण में हुए 'नो कॉस्ट नो कमिटमेंट' (एनसीएनसी) प्रदर्शन को भारतीय सेना, सैन्य मामलों के विभाग और रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने देखा। कंपनी ने कहा कि सेना में वर्तमान में दूसरी पीढ़ी की 'मिलान-2टी' और 'कोंकर्स-एम' मिसाइलें मुख्य आधार बनी हुई हैं। तत्काल परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए बाद में 'स्पाइक' मिसाइलों को भी शामिल किया गया। भारत 'जैवलिन' प्रणालियों की खरीद की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

एक वाहन में मौजूद हैं 8 मिसाइलें

कंपनी के अनुसार, यह प्रणाली 8 किमी तक की दूरी पर मौजूद बख्तरबंद वाहनों को निशाना बना सकती है, जो जमीन से दागी जाने वाली एंटी-टैंक मिसाइल की लगभग 4 किमी की मारक क्षमता से दोगुनी है। स्वचालित लॉन्चर पर दागने के लिए तैयार 4 मिसाइलें और वाहन में रखी 8 अतिरिक्त मिसाइलें मिलकर प्रति वाहन कुल 12 मिसाइलों की क्षमता प्रदान करती हैं।

मुश्किलों में अमेरिका, सुरक्षा पर उठे सवाल

एफबीआई पर कुछ ही महीनों में दूसरी बार साइबर हमला, जांच


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की साइबर सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। अब अमेरिका की सबसे बड़ी जांच एजेंसी एफबीआई के बेहद अहम क्राइम डेटाबेस में संदिग्ध हैकरों ने सेंध लगाई है।

एफबीआई के जिस सिस्टम को निशाना बनाया गया, उसका नाम नेशनल क्राइम इन्फॉर्मेशन सेंटर (एनसीआईसी) है। यह अमेरिका का एक बेहद अहम डेटाबेस है। देशभर की पुलिस और दूसरी जांच एजेंसियां इसका इस्तेमाल करती हैं। इसके जरिए फरार अपराधियों, गिरफ्तारी वारंट और लोगों के


वॉशिंगटन में एफबीआई का मुख्यालय

बैकग्राउंड की जानकारी हासिल की जाती है। फिलहाल एफबीआई इस बात की जांच कर रही है कि हैकर इस सिस्टम में कैसे घुसे और क्या-क्या जानकारी उनके हाथ लगी। अभी यह साफ नहीं है कि डेटाबेस से कोई संवेदनशील जानकारी चुराई गई है या नहीं। एफबीआई से जुड़ी यह कुछ महीनों में दूसरी बड़ी साइबर सुरक्षा घटना है।



नवाजुद्दीन की सीरीज 'डॉ. हसन' का टीजर जारी...

मुंबई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी सीरीज 'डॉ हसन' का टीजर जारी कर दिया गया है। इसमें वह डॉ इमरान हसन का मुख्य किरदार निभा रहे हैं जो असंभव और रहस्यमयी बीमारियों का पता लगाने में माहिर है, लेकिन स्वभाव से बेहद अड़ियल, सनकी और चिड़चिड़ा है। सीरीज में उनके साथ दीया मिर्जा 'डॉ पलक जैन' के किरदार में नजर आएंगी। 'डॉ हसन' असल में मशहूर अमेरिकी मेडिकल ड्रामा 'हाउस' का हिंदी रूपांतरण है, जिसका निर्माण बनिजय एशिया द्वारा किया गया है। टीजर की शुरुआत नवाजुद्दीन के डायलॉग से होती है, 'कभी-कभी लोगों को लगता है कि डॉ भगवान का रूप होते हैं।'

लाइफ Style


आम्रपाली

'बिग बॉस 20' में छाईं, खुशी से झूमे निरहुआ

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने अपनी को-स्टार आम्रपाली दुबे के लिए खुलकर समर्थन जताया है। आम्रपाली दुबे इस समय टीवी के सबसे बड़े रियलिटी शो में से एक बिग बॉस 20 में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

निरहुआ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके आम्रपाली की जमकर तारीफ की और फैंस से उनके लिए वोट करने की अपील भी की। निरहुआ ने वीडियो में कहा, बिग बॉस में आम्रपाली क्या धुआंधार खेल रही हैं। उनका बेबाक अंदाज, उनकी बुद्धिमत्ता, उनकी सूझ-बूझ, उनका स्टाइल, सबकुछ ने लोगों को दीवाना बना दिया है. इतना बढ़िया खेल रही हैं कि हर कोई तारीफ कर रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि आम्रपाली इस बार बिग बॉस की ट्रॉफी जीतकर ही आएंगी। निरहुआ बोले, हम सबको उम्मीद है कि वो बिग बॉस की ट्रॉफी जीत के आएं। वो पक्का जीतेंगी। सब लोग ये मान रहे हैं कि जितना बढ़िया खेल रही हैं, जितना धुआंधार खेल रही हैं, आम्रपाली एकदम से इस बार ट्रॉफी लेके ही आएंगी। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि निरहुआ और आम्रपाली भोजपुरी सिनेमा की सबसे हिट ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक मानी जाती है। आम्रपाली ने साल 2014 में फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके हीरो निरहुआ ही थे। पहली ही फिल्म से दोनों की केमिस्ट्री दर्शकों को इतनी पसंद आई कि उसके बाद दोनों ने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में दीं।



हॉलीवुड मसाला



मशहूर गायिका माइली करने जा रही शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिका की मशहूर पॉप गायिका माइली साइरस अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। खबरों की मानें, तो वह इस वीकेंड साउथ कैलिफोर्निया में अपने मंगेतर और अमरीकी संगीतकार मैक्स मोरांडो के साथ शादी करने जा रही हैं। ग्रैमी अवार्ड्स विजेता गायिका ने भले इस बारे में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन उनकी शादी की चर्चाओं ने खबरों की दुनिया में और फैंस के दिलों में हलचल जरूर मचा दी है। 28 साल के मोरांडो पेशे से एक अमेरिकन संगीतकार और डुमर हैं, जिन्हें लॉस एंजिल्स के 4 लोगों के ऑल्टरनेटिव रॉक बैंड लिली के मेंबर के तौर पर पहचाना जाता है।




'इयूनः पार्ट 3' के लिए भारत में खुलें एडवांस बुकिंग के दरवाजे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'इयूनः पार्ट 3' इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। डेनिस विलेन्यूव की निर्देशित इस साइंस-फिक्शन में टिमोथी चालमेट, जेंडाया, रॉबर्ट पैटिनसन, जेसन मोमोआ और रेबेका फर्ग्यूसन जैसे कलाकार हैं। फिल्म भारत में अगले महीने रिलीज हो रही है, जिसके लिए एडवांस बुकिंग के दरवाजे खुलने वाले हैं। बता दें, मार्वल की फिल्म 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और यह अगले महीने सिनेमाघरों में 'इयूनः पार्ट 3' से सामना करेगी। फिल्म 18 दिसंबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। दिलचस्प बात यह है कि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' एक दिन पहले भारत में रिलीज होगी। पिंकविला के मुताबिक, 'इयूनः पार्ट 3' की एडवांस बुकिंग सेल भारत में 22 नवंबर से शुरू होने वाली है। इस बारे में अपडेट देते हुए एक सूत्र ने बताया कि निर्माता इस शुक्रवार से भारत में 'इयूनः पार्ट 3' की एडवांस सेल शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



दो साल बाद संगीत की दुनिया में की वापसी

मुंबई। मशहूर पार्श्व गायिका अलका याग्निक संगीत की दुनिया में अपने सुरों का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। पिछले करीब 2 साल से वह अपने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते गायिकी और सिनेमा की चकाचौंध से दूर थीं। उन्होंने आखिरी बार इस साल जून में दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म पुरस्कार, 2026 में पुरस्कार ग्रहण करते हुए सोशल मीडिया पर चर्चा बटोरी थी। सुभाष घई ने ऐलान किया है कि अब गायिका शानदार वापसी करने जा रही हैं। सुभाष ने अपने इंस्टाग्राम पर अलका के साथ एक तस्वीर साझा की और उनकी वापसी का ऐलान किया। उन्होंने लिखा, 'जब मैं कल रात उनके घर गया और उन्हें 11 दिसंबर को जियो गार्डन में अपने म्यूजिकल सफर के 50 साल पूरे होने पर हमारे म्यूजिकल कॉन्सर्ट के लिए आमंत्रित किया, तो मुझे बहुत अच्छा लगा।



वज्र से जुड़े मोहित, विलेन के रूप में आएंगे

मुंबई। एक्शन फिल्मों के शौकीनों के लिए बड़ी खबर है। मोहित मालिक फिल्म 'वज्र' में टाइगर श्रॉफ के सामने विलेन का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म को राम माधवानी निर्देशित कर रहे हैं, वहीं महावीर जैन इसके निर्माता हैं। फिल्म की शूटिंग जापान में की जाएगी। मोहित का किरदार अभी तक रहस्य बना हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि कहानी में उनकी भूमिका काफी अहम होने वाली है। यह पहली बार होगा जब मोहित पर्दे पर टाइगर से सीधे टकराते दिखेंगे, ऐसे में दोनों के बीच एक नई ऊर्जा देखने को मिलने की उम्मीद है। 'बिरजू लोहार' के दमदार किरदार के बाद, यह फिल्म मोहित को अपनी अभिनय क्षमता दिखाने का एक बड़ा अवसर देगी। 'वज्र' फिल्म के केंद्र में एक्शन होगा, लेकिन मोहित के किरदार से जुड़ी और जानकारी फिलहाल गोपनीय रखी गई है।

टीवी मसाला



अक्षय, करण और जीनत अमान लगाएंगे बिजनेस का दांव

मुंबई। ओटीटी की दुनिया में एक बार फिर ग्लैमर और बिजनेस का जबरदस्त मेल देखने को मिलने वाला है। रियलिटी शो 'पिच टू गेट रिच' अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। शो का टीजर रिलीज होने के साथ ही इसकी स्ट्रीमिंग डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। फैशन एंटरप्रेन्योर फंड का यह शो 4 दिसंबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। इस बार शो में 100 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट पूल दांव पर है। इसे हासिल करने के लिए 20 नए फैशन फाउंडर्स अपनी बिजनेस पिच पेश करते नजर आएंगे।

अन्य बड़ी हस्तियां भी रहेंगी मौजूद : 'पिच टू गेट रिच 2' की सबसे बड़ी खासियत इसकी शानदार स्टार कास्ट है। इस सीजन में अक्षय कुमार, करण जौहर, मलाइका अरोड़ा, जीनत अमान, मसाबा गुप्ता, शालिनी पासी और अशनीर ग्रोवर नजर आएंगे। ये सभी अपने अनुभव और सवालों के जरिए नए फैशन उद्यमियों की परख करेंगे। शो में फाउंडर्स को सिर्फ अपने डिजाइन और फैशन आइडिया ही नहीं, बल्कि बिजनेस की समझ, ब्रांड की रणनीति और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताना होगा।

उर्फी जावेद के ब्रांड की भी होगी एंट्री : इस सीजन में कुल 20 फैशन फाउंडर्स और उनके ब्रांड्स हिस्सा ले रहे हैं। इनमें उर्फी जावेद के 'उर्फी क्रिएशंस' का नाम भी शामिल है। इसके अलावा सीएचके, बीगली, एक्स्यूड, शेजार, अक्टूबर जयपुर, बैमिश, खादीवाला डिजाइनर, फैश चैट, फरक, सूप बाय सौगत पॉल, सी, मैलिशियस, कॉन्ट्रास्ट बाय पार्थ, मिस्थेल, दिशी, असुका, एलिफेरियोस, ब्लिंग एम्पायर और टर्म्स जैसे ब्रांड्स भी अपनी पिच पेश करेंगे।

अक्षय ने बताई शो की खासियत

शो के टीजर में दिखाया गया है कि इस बार प्रतिभागियों को अपने आइडिया के साथ-साथ अपनी बिजनेस क्षमता भी साबित करनी होगी। अक्षय कुमार ने शो को लेकर कहा कि फैशन की दुनिया में कई लोगों के पास शानदार नजरिया और बेहतरीन आइडिया होते हैं, लेकिन बिजनेस खड़ा करना बिल्कुल अलग खेल है।

कौन सा फैशन ब्रांड बना पाएगा जगह

अक्षय कुमार ने बताया कि उन्हें शो में वह पल सबसे ज्यादा पसंद आता है, जब कोई फाउंडर अपना आइडिया सामने रखता है और दूसरों को उस पर भरोसा करने के लिए मनाता है। अक्षय के मुताबिक, दूसरे सीजन में कई दिलचस्प कहानियां देखने को मिलेंगी। अब देखना होगा कि कौन-सा फैशन ब्रांड 100 करोड़ रुपये के इस निवेश पूल में अपनी जगह बना पाता है।

बॉलीवुड से कहीं ज्यादा सम्मान, पैसा और स्टारडम मुझे साउथ में मिला

मुंबई। गोवा में अपने दोनों बच्चों की परवरिश के लिए फिल्मों से दूर रहीं समीरा रेड्डी ने हाल ही में संजय दत्त की फिल्म 'आखिरी सवाल' से पर्दे पर वापसी की। एक बातचीत में समीरा ने बताया कि बच्चों के लिए संजय ने उनकी शूटिंग वीकेंड पर रखी थी। इस दौरान उन्होंने नई माताओं के काम के घंटों पर चल रही बहस पर अपनी राय रखी और बताया कि बॉलीवुड के मुकाबले साउथ में काम करने का उनका अनुभव बेहतर रहा। समीरा ने संजय दत्त संग काम करने के अनुभव पर बताया, हम पहले भी साथ फिल्में कर चुके हैं। गोवा में बच्चों की देखभाल के कारण मैं सालों से फिल्मों और ओटीटी से दूर थी, क्योंकि उन्हें हफ्तों तक छोड़ना मुश्किल था, लेकिन निर्माता संजय दत्त ने दरियादिली दिखाते हुए मुझे सिर्फ वीकेंड पर शूटिंग करने का सुझाव दिया। इस सुविधा के कारण मैंने दो-तीन महीने हर वीकेंड शूट किया और काम का भरपूर आनंद लिया।



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बताए अनुभव

समीरा ने बताया, साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का मेरा अनुभव बेहद शानदार रहा। मुझे साउथ में बॉलीवुड के मुकाबले कहीं ज्यादा सम्मान, कलात्मक महत्व, पैसा और स्टारडम मिला। 18 साल बाद भी साउथ के फैंस उन्हें उतना ही प्यार देते हैं और आज भी मुझे फिल्म 'वारनम आयिरम' की 'मेघना' के रूप में याद करते हैं, जबकि बॉलीवुड में लोग मुझे शायद ही उस तरह याद रखते हों।

मैंने खुद लंबी शिफ्ट की थी

समीरा ने नई मांओं के काम के घंटों पर कहा, मैंने संजय की फिल्म के लिए लगातार लंबी शिफ्ट की थी, ताकि निर्माता का काम समय पर पूरा हो सके। मानती हूं कि नई मां के लिए बेस्टफीडिंग, हार्मोनल बदलाव और काम एक साथ संभालना बेहद कठिन होता है, लेकिन ये दोनों तरफ की समझ का मामला है। अगर निर्माता छूट दे तो ठीक, वरना कलाकारों को भी समझना चाहिए, क्योंकि सेट पर रोजाना करोड़ों का दांव लगा होता है।

अभिजीत सावंत का खुलासा, इस एक्ट्रेस की फिल्म देखने पापा के बटुए से चुराए थे पैसे

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न में एक दिल को छू लेने वाला और पुरानी यादों से भरा पल देखने को मिला, जब गायक अभिजीत सावंत ने बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर के सामने एक खास राज शेयर किया। पुरानी यादों में खोते हुए अभिजीत ने एक्ट्रेस के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उनकी प्रतिष्ठित फिल्म रंगीला और उसके यादगार गीतों ने उनके मन पर कितना गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ा था। उनके इस बेबाक खुलासे ने शो में एक बेहद मनोरंजक और खुशनुमा पल बना दिया, जिसने उर्मिला के अनोखे आकर्षण और उनके अभिनय के उस सदाबहार जादू का जश्न मनाया, जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।



उर्मिला जी, आप मेरा पहला क्रश थे

उर्मिला से बात करते हुए अभिजीत ने कहा, उर्मिला जी, पहले तो जय महाराष्ट्र.. मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं। ये सार्वजनिक रूप से पहली बार, टेलीविजन पर, पूरे हिंदुस्तान के सामने मैं ये कबूल करता हूं कि मैं अपने पिताजी के बटुए से पैसे निकाल कर रंगीला फिल्म देखने गया था। मैं रंगीला के सभी गानों से बेहद प्यार करता था, और आप मेरा पहला क्रश थे, मैं कहूंगा।

अभिजीत सावंत के बारे में : अभिजीत सावंत का सिंगिंग करियर 2005 में इंडियन आइडल सीजन 1 से शुरू हुआ था, जिसकी ट्रॉफी उन्होंने अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने अपना पहला एल्बम आपका अभिजीत सावंत रिलीज किया, जिसका गाना मोहब्बतें लुटाऊंगा काफी हिट रहा। इसके अलावा उन्होंने कई म्यूजिक एल्बम, रियलिटी शो और मनोरंजन कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। वह इन दिनों इंडियन आइडल लेजेंड्स में नजर आ रहे हैं।

अनन्या ने बेहद बेबाकी से अपनी राय रखी

प्यार पर बोलीं- हमारी पीढ़ी समझौता नहीं करने वाली

पहले लोगों के पास ना कहने का विकल्प नहीं था

बातचीत में यह बात उठी कि पुराने दौर के उलट, आज की अभिनेत्रियां अपने रिश्तों पर खुलकर बोलती हैं और करियर के शीर्ष पर भी शादी कर रही हैं। इस पर अनन्या ने कहा, "मुझे लगता है कि शादी को लेकर ये हिचकिचाहट पहले भी रही होगी, बस तब लोगों के पास 'ना' कहने की आजादी नहीं थी। लेकिन आज की पीढ़ी के पास ऐसे कई उदाहरण हैं, जिन्हें देखकर उनमें 'ना' कहने की हिम्मत आई है।

मैं शादी करना और बच्चे चाहती हूं : अनन्या

अनन्या बोलीं, मेरे लिए ऐसे सवाल का जवाब देना मुश्किल है, क्योंकि मैं बहुत रोमांटिक इंसान हूं। मेरे लिए प्यार ही सब कुछ है। मैं आखिरकार शादी करना चाहूंगी। जिंदगी के किसी पड़ाव पर मैं शादी करना और बच्चे पैदा करना चाहूंगी। मैं अपने आसपास के दोस्तों को भी बिल्कुल ऐसा ही देखती हूं। प्यार के मामले में आज की पीढ़ी के पास पहले से ज्यादा विकल्प हैं, लेकिन प्यार को लेकर उनकी सोच आज भी पहले जैसी ही है।



मुंबई। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में एक कार्यक्रम लीडरशिप समिट 2026' में एक वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने फिल्मी करियर, आज के बॉलीवुड और कई अन्य दिलचस्प मुद्दों पर खुलकर बात की। एक खास बातचीत में अनन्या के सामने शादी और रिश्तों से जुड़ा सवाल भी आया, जिस पर उन्होंने बेहद बेबाकी से अपनी राय रखी।

आज के युवाओं के प्यार को लेकर पैमाने बहुत ऊंचे हैं

अनन्या ने कहा, अब हमारे पास बस विकल्प बहुत ज्यादा हो गए हैं। लेकिन इससे यह सच्चाई नहीं बदल जाती कि हम सच्चे प्यार में यकीन करते हैं। हम भी आज उसी सच्चे प्यार की तलाश में हैं। हमारे मन में प्यार को लेकर एक पुरानी और खास भावना है, जिसे शायद हमने खुद कभी महसूस नहीं किया है, इसलिए प्यार को लेकर हमारे पैमाने भी बहुत ऊंचे हैं। हम किसी भी मामूली चीज से समझौता नहीं करने वाले।

अब 'कॉल मी बे 2' में नजर आएंगी

साल 2026 में अनन्या की सिर्फ एक फिल्म 'चांद मेरा दिल' आई, जिसमें लक्ष्य लालवानी उनके साथ नजर आए। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, पर ये बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब अनन्या जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो के अपने हिट शो 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन में दिखेंगी। इशिता मोइत्रा के इस शो में श्रुति हासन, वीर दास, गुरफतेह पीरजादा और वरुण सूद भी अहम भूमिकाओं में हैं। ये शो 17 दिसंबर को रिलीज होगा।

'हनुमान अंश' की निर्माता ने की 'रामायण' की तारीफ

मुंबई। नीतेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर ने भगवान राम का जो किरदार निभाया है, उसे काफी सराहना मिल रही है। हनुमान अंश से जुड़ी 21 साल की निर्माता अनुप्रिया नागर ने रणबीर के इस अभिनय को बेमिसाल बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अब उनका और ज्यादा काम देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अनुप्रिया को 'बर्फी!' और 'तमाशा' जैसी उनकी पुरानी फिल्में भी बहुत पसंद हैं। 'रामायण' सिर्फ लोगों का दिल ही नहीं जीत रही है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई कर रही है। भारत में 15 दिनों के अंदर ही इसने हिंदी में 650 करोड़ की कुल कमाई कर ली है, वहीं दुनिया भर में इसकी कुल कमाई 1,500 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। आगे कोई बड़ी नई फिल्म रिलीज न होने के कारण, उम्मीद है कि यह फिल्म अभी और नए रिकॉर्ड बनाएगी।



एटीपी फाइनल्स सेमीफाइनल

अल्काराज भिड़ेंगे शेल्टन से ज़्वेरेव का सामना मेदवेदेव से

एजेंसी ▶▶ तूरिन





चोटी के वरीयता प्राप्त चार खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव का सामना चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव से जबकि दूसरे वरीय कार्लोस अल्काराज का मुकाबला तीसरे नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन से होगा। अल्काराज ने ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में इटली के फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 6-1 से हराया। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने दोनों सेटों के पहले ही गेम में ही कोबोली की सर्विस तोड़ दी और मैच जल्द ही समाप्त कर दिया। एक अन्य मैच में ज़्वेरेव ने फ्रांसेस टियाफो को 6-3, 6-4 से हराया।

कोलकाता में आज से आईटीएफ डब्ल्यू15 टेनिस टूर्नामेंट



कोलकाता। श्रुति अहलावत और श्रीवल्ली रश्मिका भामिदपति सहित कई भारतीय खिलाड़ी 22 से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाले आईटीएफ डब्ल्यू15 कोलकाता अंतरराष्ट्रीय महिला टेनिस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। प्रतिभाशाली जेसी दीपकभाई खानाबर और बंगाल की आकांक्षा घोष भी भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। विश्व रैंकिंग में 486वें स्थान पर काबिज इंडोनेशिया की प्रिस्का मेडलिन नुगरोहो को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता दी गई है। प्रतियोगिता का क्वालीफाइंग दौर 22 नवंबर से शुरू होगा जबकि मुख्य ड्रॉ के मुकाबले 24 नवंबर से खेले जाएंगे। टूर्नामेंट निदेशक विशाल उप्पल ने कहा कि यह प्रतियोगिता भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करने और अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों के पास घरेलू माहौल में खेलने और खुद को साबित करने का एक और मौका है। टूर्नामेंट के पिछले दो आयोजनों में भारतीय खिलाड़ी विजेता रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि इस बार भी कोलकाता में ऐसा ही प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

पहला टेस्ट : भारत ने बनाए पहली पारी में 486 रन, न्यूजीलैंड पर 118 रन की बढ़त

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की पकड़ मजबूत, राहुल ने जड़ा शानदार शतक

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने शतक जमाया जबकि कप्तान शुभमन गिल और देवदत्त पडिक्कल तिहरे अंक में पहुंचने से चूक गए लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत ने शनिवार को तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर अपनी पहली पारी में 4 विकेट पर 486 रन बनाए। भारत ने इस तरह से न्यूजीलैंड पर 118 रन की बढ़त हासिल कर ली है, जिसने अपनी पहली पारी में 368 रन बनाए थे।

राहुल ने खेली आकर्षक पारी

राहुल ने 290 गेंदों पर 136 रन की आकर्षक पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल हैं। देवदत्त पडिक्कल ने 175 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 80 रन बनाए। गिल तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से दो गेंद पहले 98 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने 146 गेंद की अपनी पारी में 9 चौके और 2 छक्के लगाए। स्टंप उखड़ने के समय ऋषभ पंत 62 गेंद पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 55 रन पर खेल रहे थे जबकि नाइट वॉचमैन अंशुल कंबोज को अभी अपना खाता खोलना है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दूसरे दिन 85 रन की पारी खेली थी।



विदेशी धरती पर भारत की शतकीय साझेदारी

न्यूजीलैंड में खेले गए टेस्ट मैचों में यह केवल तीसरा अवसर है जबकि मेहमान टीम ने पहले दो विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की है। गिल ने राहुल के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन और पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 100 की साझेदारी की। राहुल को नाथन स्मिथ ने आउट किया, जिनकी गेंद उनके बल्ले का अंदरुनी किनारा लेकर विकटों में समा गई। भारत ने सुबह एक विकेट पर 159 रन से आगे खेलना शुरू किया तथा बेंगलुरु के दोनों बल्लेबाजों राहुल और पडिक्कल को पिच से किसी तरह की परेशानी नहीं हुई जो टेस्ट के पहले दिन से ही बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनी हुई है।

राहुल ने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल

केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना 13वां टेस्ट शतक लगाकर सभी सेना (एसईएनए) देशों में सैकड़ा ठोकने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल की। राहुल ने तेज गेंदबाज जैकब डफी की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। यह इस साल उनका दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक बनाया था। इससे राहुल ने सभी सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में शतक बनाने की विशिष्ट उपलब्धि भी हासिल की। यह मुकाम हासिल करने वाले वह भारत के पहले सलामी बल्लेबाज भी हैं। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड की धरती पर अपने पहले टेस्ट मैच में ही यह उपलब्धि हासिल की। यह सेना देशों में टेस्ट क्रिकेट में उनका कुल मिलाकर सातवां शतक था। वह मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के बाद सभी सेना देशों में शतक बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इन भारतीय बल्लेबाजों के अलावा श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा तथा पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज सईद अनवर और यूनिस खान ने भी इन चारों देशों में शतक बनाए हैं।



गिल ने ब्रुक को छोड़ा पीछे

गिल ने कीवी टीम के खिलाफ पहली पारी में 146 गेंदों पर 98 रन बनाए और अपनी इस पारी के दौरान 2 छक्के और 9 चौके भी लगाए। इन दो छक्कों के दम पर वो हैरी ब्रुक से आगे निकल गए और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में हैरी ब्रुक और शेमार जोसेफ से आगे निकल गए और जेमी स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए। गिल के अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में कुल 17 छक्के हो गए जबकि हैरी ब्रुक ने अब तक 15 छक्के लगाए हैं तो वहीं शेमार जोसेफ ने 16 छक्के जड़े हैं।

खबर संक्षेप



आईएसएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचा बेंगलुरु

बेंगलुरु। बेंगलुरु एफसी ने श्री कांतीरवा स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी को 2-0 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बोर्जा मार्टिनेज ने 57वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी रयान विलियम्स ने 85वें मिनट में गोल करके बेंगलुरु को इस सत्र की चौथी जीत दिलाई। यह सुनील छेत्री का आईएसएल में 200वां मैच भी था। मुंबई का यह नए मुख्य कोच अश्विर सिंह जोहल के नेतृत्व में पहला मैच था। उसने रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन बेंगलुरु को जीत हासिल करने से नहीं रोक पाया। बेंगलुरु अपना अगला मैच चार दिसंबर को ओडिशा एफसी के खिलाफ खेलेगा, जबकि मुंबई का मुकाबला 28 नवंबर को चेन्नईयिन एफसी से होगा।

भारत और न्यूजीलैंड का हॉकी मैच ड्रॉ



ऑकलैंड। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने पर खेली जा रही हॉकी श्रृंखला का दूसरा मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। न्यूजीलैंड ने 25वें मिनट में डायलन थॉमस के गोल से बढ़त बनाई, जिसके बाद भारत ने 35वें मिनट में अंगद बीर सिंह के गोल से स्कोर बराबर किया। न्यूजीलैंड ने 56वें मिनट में सैम हिहा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। भारत ने एक बार फिर शानदार वापसी की। कप्तान संजय ने 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच को 2-2 से ड्रॉ पर समाप्त किया। भारत ने 19 नवंबर को तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 3-2 से जीता था। वह अब रविवार को तीसरे और अंतिम मैच में जीत के साथ दौरे का समापन करने की कोशिश करेगा।

पहला टी-20: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीन विकेट से हराया, चौधरी ने खेली आतिशी पारी

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में इंग्लैंड को 3 विकेट से हराया। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से मिले 188 रनों के लक्ष्य को 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क महज एक रन बनाकर लियाम डॉसन का शिकार बने। हालांकि, इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श और सैम हार्मर ने मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी निभाई। हार्मर महज 15 गेंदों में 32 रनों की आतिशी पारी खेलने के बाद आउट हुए। नंबर चार पर बल्लेबाजी करने उतरे निखिल चौधरी ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।



एडवर्ड्स ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को जीत

आखिरी ओवर में जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया को 11 रनों की जरूरत थी। हालांकि, जैक एडवर्ड्स ने ओवर की पहली ही बॉल पर जोरदार सिक्स लगाया। अगली चार गेंदों पर 5 रन जोड़ते हुए एडवर्ड्स ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। एडवर्ड्स 11 गेंदों में 1 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहे।

ब्रूक ने 20 गेंदों में पूरा किया अर्धशतक

इससे पहले, इंग्लैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और फिल साल्ट (0) और एन्यूरिन डोनाल्ड सस्ते में पवेलियन लौटे। हालांकि, इसके बाद इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉम बैंटन संग मिलकर मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 97 रनों की आतिशी साझेदारी निभाई। ब्रूक ने अपना अर्धशतक 20 गेंदों में पूरा किया।

हैरी केन का 'लिगामेंट' फटा मैदान से लंगड़ाते आए बाहर

एजेंसी ▶▶ म्यूनिख



इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन बायर्न म्यूनिख और कोलोन के बीच 1-1 से ड्रॉ रहे मैच के दौरान चोटिल हो गए, जिसके कारण उन्हें 'अगले कुछ महीनों' तक खेल से बाहर रहना पड़ सकता है।

उनके बाएं टखने में 'लिगामेंट' फट गया है और इस बैलोन डि ओर विजेता को पूरी तरह फिट होने में कुछ महीने का समय लगेगा। कोलोन के डिफेंडर जोएल श्मिड ने केन को पेनल्टी एरिया में गिरा दिया। केन दर्द से कराह उठे। उन्होंने हालांकि थोड़ी देर के लिए खेलना जारी रखा लेकिन जल्द ही मैदान पर उपचार लेने के बाद दो फिजियोथेरेपिस्ट के साथ मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए। बायर्न म्यूनिख ने कहा, 'हैरी केन बुंडेसलिगा में कोलोन के खिलाफ घरेलू मैच के दौरान चोटिल हो गए। उनके बाएं टखने के 'सिंडेस्मोसिस लिगामेंट' में चोट लगी है। बायर्न म्यूनिख की मेडिकल टीम की जांच में इसकी पुष्टि हुई है। इसलिए यह 33 वर्षीय खिलाड़ी अगले कुछ महीनों तक मैदान से बाहर रहेगा।'

हांगकांग ओपन

सात्विक-चिराग का सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶ कोवलून

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी मान वेई चोंग और टी काई वुन से सीधे गेम में हार गई।

इस साल सिंगापुर और चीन में खिताब जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को 41 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 18-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।



सात्विक और चिराग इस मैच में विश्व के नौवें नंबर की मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 4-1 के रिकॉर्ड के साथ कोर्ट पर उतरे थे, लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। मैच में शुरू से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और वे लगभग बराबरी के साथ आगे बढ़ते रहे। पहले गेम में स्कोर 4-4 से 7-7 हो गया।

भारतीय जोड़ी ने दी कड़ी टक्कर

इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली और 10-10 के स्कोर पर मलेशिया की टीम ने अंक बनाकर इंटरवल तक मामूली बढ़त हासिल की। सात्विक और चिराग ने इसके बाद भी कड़ी चुनौती दी लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी तथा 18-19 के स्कोर के बाद दो गेम प्वाइंट हासिल किए और पहले पर ही गेम अपने नाम कर दिया।

एशियाई खेल पदक विजेताओं को किया गया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ मुंबई



एथलीट विथ्या रामराज और गुरिंदरवीर सिंह के अलावा एशियाई खेल 2026 में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 'हार्ट ऑफ गोल्ड' समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में हरिता भद्रा और कबड्डी खिलाड़ी असलम इनामदार शामिल थे। एशियाई खेलों में विथ्या रामराज का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने महिला चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण, मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत और 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। बाधा दौड़ में 54.75 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और पीटी उषा के लंबे समय से कायम रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरिंदरवीर सिंह और हरिता भद्रा ने भारतीय मिश्रित चार गुणा100 मीटर रिले टीम के सदस्य के रूप में कांस्य पदक जीता।

भाविका करेंगी कप्तानी

इंग्लैंड के खिलाफ 26 नवंबर से महिला अंडर-19 टी20 सीरीज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विकेटकीपर बल्लेबाज भाविका अहिरे वडोदरा में इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ 26 नवंबर से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 श्रृंखला में भारत अंडर-19 महिला टीम की कप्तानी करेंगी।

ऑलराउंडर अनादी तागड़े को इस श्रृंखला के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इस प्रतियोगिता से भारतीय टीम जनवरी 2027 में होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। पहले दो मैच वडोदरा में जबकि अंतिम तीन मैच सूरत में खेले जाएंगे। दूसरा टी20 मैच 28 नवंबर को खेला जाएगा। इसके बाद एक, तीन और छह दिसंबर को मैच होंगे।

भारत अंडर-19 टीम

भाविका अहिरे (कप्तान, विकेटकीपर), इरा जाधव, निधि महतो, पूर्वा सिवाच, महक नरवासे, मैत्री मनियार, ईश्वरी अवसारे, दीया यादव, श्रेया एस चव्हाण (विकेटकीपर), समैरा रावघव, कुमारी पलक, उमा काशवी, अचसा परमार, अनादि तागड़े (उपकप्तान) और पलक सिंह।

टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप : मार्टिरोस्यान ने जीता फास्ट क्लासिक गेम

फिरोजा बने चैंपियन, एरिगैसी रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट

अर्जुन एरिगैसी ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10वां स्थान हासिल किया, जबकि फ्रांस के अलीरेजा फ़िरोजा ने खिताब जीता।

एरिगैसी ने नौवें स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए चार में से तीन ब्लिट्ज गेम और एक रैपिड गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन हाइक मार्टिरोस्यान ने सफेद मोहरों से फास्ट क्लासिक गेम जीतकर 11-9 से जीत दर्ज की। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ने गुरुवार को भी जीत हासिल की थी, जिससे वह नौवें स्थान पर रहे।



प्रज्ञानानंदा ने किया 21वां स्थान हासिल

भारत के अन्य खिलाड़ियों में प्रज्ञानानंदा 21वें स्थान पर रहे, जबकि उनकी बहन वैशाली 24वें स्थान पर रहीं। प्रज्ञानानंदा ने अभिमन्यु मिश्रा के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए फास्ट क्लासिक गेम जीता और 15-5 से जीत दर्ज करके 21वां स्थान हासिल किया। वैशाली का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। वह नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ सभी सात मैच हार गई और अंतिम स्थान पर रहीं। उन्हें पिछले दिन भी उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी से 4-16 से हार का सामना करना पड़ा था।

फिरोजा ने खेला काले मोहरों से

प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में फिरोजा पहले दिन अनीश गिरी से 11-9 से हार गए थे लेकिन उन्होंने दूसरे दिन 12-8 से जीत हासिल करके मैच को आर्मागेडन (टाईब्रेक) तक खींच दिया। फाइनल में खेले गए चारों ब्लिट्ज गेम निर्णायक साबित हुए। गिरी ने सफेद मोहरों से पहला गेम जीता। इसके बाद फिरोजा ने लगातार दो गेम जीते लेकिन गिरी ने काले मोहरों से चौथा गेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद फिरोजा ने काले मोहरों से खेलते हुए पहला रैपिड गेम जीत लिया। दूसरा गेम ड्रॉ होने से उन्हें फास्ट क्लासिक मैच से पहले 8-4 की बढ़त मिल गई। गिरी को फास्ट क्लासिक में जीत की जरूरत थी, लेकिन मैच ड्रॉ रहा। आर्मागेडन गेम भी 35 चाल के बाद ड्रॉ हो गया और फिरोजा ने काले मोहरों से खेलने के कारण खिताब अपने नाम कर दिया।

हरिद्वार के चंडी घाट पर पंचतत्व में विलीन हुईं मां सावित्री देवी

छोटे बेटे महेंद्र मोहन बिष्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच मुखाग्नि दी, अंतिम विदाई में मुख्यमंत्री योगी के छलक पड़े आंसू

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी शनिवार को हरिद्वार के चंडी घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके छोटे बेटे महेंद्र मोहन बिष्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच उन्हें मुखाग्नि दी। मां को अंतिम विदाई देने के दौरान सीएम योगी भावुक हो उठे। उन्होंने मां की अर्थी को कंधा दिया, चिता की परिक्रमा की और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। सावित्री देवी की अंतिम यात्रा उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले स्थित उनके पैतृक गांव पंचूर से हरिद्वार के लिए रवाना हुई थी। योगी भी मां के पार्थिव शरीर के साथ हरिद्वार पहुंचे। अंतिम यात्रा के दौरान उन्होंने घर से अर्थी को कंधा दिया और एंबुलेंस तक पहुंचाया। हरिद्वार के चंडी घाट पर भी उन्होंने अर्थी को कंधा देकर अपनी मां के प्रति अंतिम कर्तव्य निभाया। इस दौरान वे कई बार रुमाल से अपने आंसू पोंछते नजर आए। योगी ने उनके अंतिम दर्शन किए और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वह कुछ देर तक मां के पास खड़े रहे और उन्हें एकटक निहारते रहे।



बेटे का निभाया फर्ज, योगी ने घर से अर्थी को कंधा दिया

योगी रातभर मां के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे



सीएम योगी रातभर मां के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे। उन्होंने अन्न-जल भी ग्रहण नहीं किया। उन्होंने परिजनों और मां की देखभाल करने वालों से अंतिम समय के बारे में भी जानकारी ली। चंडी घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक चेहरे मौजूद रहे। सीएम पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और संजय निषाद सहित 50 विशिष्ट लोग थे।

विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा और साधु-संत भी रहे मौजूद

विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं और साधु-संतों की भी बड़ी मौजूदगी रही। 13 अखाड़ों के आचार्य और श्रीमहंतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अंतिम संस्कार की धार्मिक रस्में संपन्न कराईं। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती भी मौजूद रहे। इसकी देखरेख आचार्य बालकृष्ण कर रहे थे।

मंत्रियों ने जताया शोक

मौर्य ने योगी की मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं होता और मां का स्थान तो भगवान से भी ऊंचा है। यह अत्यंत दुखद है। इस क्षति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी कहा कि योगी आज जिस मुकाम पर पहुंचे हैं और उन्हें जो सम्मान मिला है, उसमें उनकी मां के आशीर्वाद की अहम भूमिका है।

मां जैसा कोई नहीं : योगी ने मां को कंधा देते हुए अपनी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने महाभारत के एक श्लोक के माध्यम से मां के महत्व को रेखांकित किया। श्लोक का भावार्थ है कि मां जैसी छाया, आश्रय, प्रेम और सुरक्षा देने वाला संसार में कोई दूसरा नहीं है।

खबर संक्षेप

युजवेंद्र चहल भाजपा ओबीसी मोर्चा में शामिल

नई दिल्ली। क्रिकेटर युजवेंद्र चहल को भाजपा के राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी में



विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर मोर्चे के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें सात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, सात मंत्री और विभिन्न राज्यों से 37 राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

'गाजर का हलवा' खाने से 40 लोग बीमार

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक शादी समारोह में गाजर का हलवा खाने



से कम से कम 40 लोग संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण बीमार पड़ गए। यह घटना बुढ़ाना थाना क्षेत्र के नगवा गांव में हुई। शुक्रवार रात बीमार लोगों ने सिरदर्द, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की। उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया।

एलआईसी अब ब्याज समेत 1.10 लाख रुपए दे

बरेली। यहां जीवन बीमा पॉलिसी की परिपक्वता पर जमा प्रीमियम से कम रकम का भुगतान करना



एलआईसी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम ने बीमा कंपनी को परिवादी की बकाया मूल धनराशि 1,10,315 रुपए 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया 25 हजार और खर्च भी देना होगा।

इंडसइंड बैंक ने पूर्व सीईओ की सेवाएं खत्म

नई दिल्ली। इंडसइंड बैंक ने अपने पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमंत



कथपालिया की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। बैंक के बोर्ड ने 20 नवंबर को यह निर्णय लिया। यह कार्रवाई मुंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रिबन काटकर किया 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन

यूपीए में घोटालों के आंकड़े आते थे...आज निवेश आ रहा, अपराधी बख्शे नहीं जा रहे

उत्तर-दक्षिण बिहार के बीच आवागमन होगा आसान, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा सहित अन्य जरूरी सुविधाओं का लाभ मिलेगा



एजेंसी ▶▶ वैशाली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के वैशाली जिले में पहुंचकर गंगा नदी पर करीब 4,280 करोड़ की लागत से निर्मित कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह-लेन पुल 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने रिबन काटकर इस पुल को राष्ट्र को समर्पित किया। उद्घाटन के दौरान पुल के नीचे बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह एक्स्ट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज गंगा नदी पर बना है। 19.7 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 9.7 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल और 10 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़कें शामिल हैं। यह पुल पटना जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर स्थित कच्ची दरगाह को वैशाली जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-322 पर स्थित बिदुपुर से जोड़ता है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला किया और कहा कि एनडीए की सरकार के पहले बिहार में घोटालों और आपराधिक वारदातों के आंकड़े आते थे। आज निवेश और अपराधियों पर कार्रवाई के आंकड़े दिए जाते हैं।

कांग्रेस की गठबंधन सरकारों पर किया हमला

9.7 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल 10 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़कें

करीब 4,280 करोड़ की लागत



बिहार के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी

नीतीश सेतु के चालू होने से गंगा नदी पर आवागमन के लिए एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा। इससे महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच यात्रा का समय भी घटेगा। इस पुल से विशेष रूप से राघोपुर दियारा के लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे बिहार के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

उद्घाटन से पहले पटना एयरपोर्ट पर पीएम मोदी और नीतीश मिले

प्रधानमंत्री ने पटना हवाई अड्डे पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। पीएम मोदी ने नीतीश संग अपनी मुलाकात की तस्वीरें साझा की और कहा कि पटना में नीतीश जी से मिलकर खुशी हुई।



नीतीश ने बिहार को बदहाली से बाहर निकाला

बिहार में जब डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो राज्य की स्थिति बहुत खराब थी। गांवों में बिजली नहीं थी। नीतीशजी ने मेहनत करके बिहार को बदहाली से बाहर निकाला। अब सम्राट चौधरी उनके अभियान को अपनी टीम की मदद से आगे बढ़ा रहे हैं। बिहार में 43 लाख परिवारों को पक्के घरों की सौगात दी गई।

भाषण की प्रमुख बातें

- **बिहार में 43 लाख परिवारों को पक्के मकान मिले :** बिहार के 43 लाख परिवारों को पक्के मकान का उपहार दिया गया। ऐसे ही प्रयासों का नतीजा है कि बिहार का नाम देश में आगे आया है।
- **12 साल में 50 करोड़ परिवारों को गरीबी से बाहर निकाला :** एनडीए सरकार ने 12 सालों के कार्यकाल में 50 करोड़ परिवारों को गरीबी से बाहर निकाला और सम्मानपूर्ण जीवन दिया। आज वे आत्मविश्वास के साथ जीते हैं। इसमें बिहार का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार से पहले कांग्रेस की सरकारें जनता को आश्वासन देती रहीं।
- **एनडीए सरकार ने गांव गांव में बिजली पहुंचाया :** एक समय था जब बिहार के गांवों में बिजली की सुविधा नहीं थी। आज बिहार बिजली उत्पादन का केंद्र बनता जा रहा है। एनडीए सरकार ने राज्य के गांव-गांव तक बिजली पहुंचा दिया है। राज्य ने विकास की एक लंबी यात्रा तय की है।
- **बिहार के नौजवानों को विकास की समझ :** बिहार के नौजवानों को विकास की सही समझ है। यही वजह है कि आज के इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी बहुत अच्छी है।
- **रामविलास पासवान का सपना साकार हुआ :** वैशाली की सभा में कहा कि दिवंगत रामविलास पासवान का सपना आज नीतीश सेतु के रूप में साकार हुआ है।

लखनऊ में कौशल दीक्षांत समारोह

प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 5वें कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित किया



'हुनरमंद युवा' ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में युवाओं के कौशल, सामर्थ्य और प्रतिभा की महत्वपूर्ण भूमिका है। कौशल विकास केवल रोजगार पाने का माध्यम नहीं, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 5वें राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को बधाई दी। समारोह में आईटीआई, नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के 52 राष्ट्रीय स्तर के टॉपर्स को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चाहे आईआईटी हो या आईटीआई, दोनों ही देश की अमानत, सामर्थ्य और भविष्य हैं। भारत के युवाओं में अपार प्रतिभा है।

कौशल विकास को सम्मान दें

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की असली पूंजी उसके हुनरमंद युवा हैं। कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ देश की आर्थिक ताकत बढ़ाने का माध्यम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कौशल विकास को सम्मान और पहचान देना समय की जरूरत है। आईटीआई जैसे संस्थानों से प्रशिक्षित युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

अब देश में स्किल के दिन आएंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देशवासियों से सोना कम खरीदने की अपील की थी, जिसे लोगों ने स्वीकार किया। इससे लोगों के पैसे भी बचे और देशहित में भी सकारात्मक योगदान मिला। उन्होंने कहा कि अब समय कौशल विकास को प्राथमिकता देने का है। आने वाले दिनों में हुनर, तकनीकी दक्षता और स्किल आधारित रोजगार की अहमियत तेजी से बढ़ेगी। युवाओं को अपने कौशल को निखारकर नए अवसरों के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी सहित कई गणमान्य भी थे।

भाजपा सांसद निशिकांत का सवाल

विदेशी नागरिक फिर भी सोनिया बनी मारुति की एमडी, 50% शेयरहोल्डर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सीपीपी की अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी नागरिक होने के बावजूद सोनिया की भारतीय कंपनी में हिस्सेदार थी और 1970 में उनके नाम पर जमीन भी आवंटित हुई थी। दुबे ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, 'कांग्रेस का काला अध्याय, चैप्टर- 250।' उन्होंने लिखा, क्या आपको पता है कि विदेशी नागरिक होने के बावजूद सोनिया मारुति की मैनेजिंग



डायरेक्टर और 50 प्रतिशत की हिस्सेदार थीं? दुबे ने कहा, 21 नवंबर 1970 संजय गांधी ने सोनिया की मारुति टेक्निकल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया। कंपनी की असली मालकिन सोनिया थीं। कंपनी 1970 में बनी और कार बनाने का पत्र भारत सरकार को 1968 में ही मिला।

बेंगलुरु में सनसनीखेज वारदात

अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या और शव को कचरे में फेंका

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

यहां अवैध संबंध के शक में पति ने अपनी 34 वर्षीय पत्नी सुजाता की गला रेतकर हत्या कर दी और शव को बोरी में भरकर पार्क के कचरे में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जागरण की रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 2 महीने से अधिक समय तक छिपा रहा और कंकाल मिलने के बाद सामने आया। आरोपी की पहचान 24-25 वर्षीय फैय्याज पाशा उर्फ कालू के रूप में हुई है। दोनों की शादी करीब पांच महीने पहले हुई थी



और वे पार्क व बस स्टैंड के आसपास रहते थे। सुजाता के चाल-चलन और अवैध संबंध के शक में झगड़े होते थे। दो महीने से शराब पीने के बाद हुए विवाद में आरोपी ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। शव को बोरी में भरकर कोडिगेहल्ली के गुंडांजनेय मंदिर पार्क के कोने में कचरे में छिपा दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जज के लिए की गई थी तैयारी

सहारनपुर का वाकया, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

यूपी पुलिस ने गलती से ओवैसी को ही दे दिया गार्ड ऑफ ऑनर

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शनिवार को एक बड़ी भूल यूपी पुलिस की फजीहत की वजह बन गई है। दरअसल एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी चंद्रशेखर आजाद की पार्टी से गठबंधन के बाद पहली बार जिले में आए थे। यहां पुलिसकर्मियों की नासमझी ने उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दे दिया। जिले के सर्किट हाउस में एक जज आने वाले थे, यह सलामी उन्हें दी जानी थी, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी



गलतफहमी के शिकार हो गए और ओवैसी को ही जज समझ लिया। मामले के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। ओवैसी शनिवार को काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचे।

मामले की जांच के आदेश दिए

उधर, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के आने का कार्यक्रम टल गया। घटना का पता चलते ही एसएसपी अभिनंदन ने प्रोटोकाल चूक के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी ने मामले की जांच पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक को सौंपी है। यह गार्ड ऑफ ऑनर सुप्रीम कोर्ट के एक जज को दिया जाना था।

सीबीआई ने रिश्वत मामले में सीजीएसटी अधीक्षक को किया गिरफ्तार

तलाशी में सोने के आभूषण, ईंटें तथा चांदी भी बरामद हुई

केंद्रीय अफसर के घर से 1.86 करोड़ नकद, विदेशी मुद्रा मिली

एजेंसी ▶▶ पंचकूला

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा के पंचकूला में तैनात सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक के आवास पर तलाशी के दौरान लगभग 1.86 करोड़ मूल्य की नकदी, विदेशी मुद्रा, सोना और चांदी बरामद की है। अधीक्षक को 19 नवंबर को रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि उसने एक निजी फर्म के खिलाफ जीएसटी कार्यवाही में अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले



अवैध रिश्वत की मांग की थी। आरोपी को 10 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। तलाशी में 24.29 लाख रुपए, लगभग 15.65 लाख की विदेशी मुद्रा, और सोने के आभूषण, सोने की ईंटें तथा चांदी बरामद की गईं।

कई बैंक खाते और निवेश का भी पता चला

तलाशी के दौरान 6 बैंक खातों, निवेश पोर्टफोलियो, एक जीवन बीमा पॉलिसी और कई अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। एक वाहन और आरोपी तथा उसके परिवार के सदस्यों के वित्तीय लेन-देन से संबंधित दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। बरामद किए गए वित्तीय और संपत्ति संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है, ताकि संपत्ति, निवेश और वित्तीय लेन-देन का पता लगाया जा सके।

5 से 25 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव होगा

16 दिसंबर को ज्योतिसर में होगा 'पाञ्चजन्य-2026

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर 5 से 25 दिसंबर तक 11वें अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष पहली बार दिल्ली और पश्चिम बंगाल सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेंगे। वहीं, मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल 14 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी शनिवार को कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर दी।

मॉरीशस के राष्ट्रपति 14 दिसंबर को करेंगे महोत्सव का विधिवत शुभारंभ

पहली बार दिल्ली और पश्चिम बंगाल होंगे सहयोगी



4 दिसंबर को गीता सद्भावना यात्रा

4 दिसंबर को ज्योतिसर से सरस्वती सेतु, पीपली तक विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गीता सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। 5 दिसंबर को गीता रन का आयोजन भी किया जाएगा। 14 दिसंबर को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

21 दिन तक चलेगा मेला

सैनी ने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहली बार दिल्ली और पश्चिम बंगाल सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेंगे। दोनों प्रदेशों द्वारा पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक पैवेलियन स्थापित किया जाएगा, जहां पर्यटक एवं श्रद्धालु इन राज्यों की संस्कृति, शिल्प और खान-पान से परिचित हो सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी में 16 देशों के 20 विद्वान भाग लेंगे

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से 16 देशों के 20 विद्वान इस संगोष्ठी में भाग लेंगे। सैनी ने कहा कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से 90 से अधिक देशों में गीता महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित होंगे। एनआईडी तथा आयुष विवि, कुरुक्षेत्र द्वारा भी 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक संस्थानों में गीता सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in